सुविचार

कभी-कभी समय के फेर से मित्र शत्रु बन जाता है और शत्रु भी मित्र हो जाता है, क्योंकि स्वार्थ बड़ा बलवान है।

वेदव्यास

हिंदी दैनिक

# द फोटोन न्यूज

सच के हक में...

झारखंड की राजधानी रांची से प्रकाशित




08

नेगेटिव किरदार में नजर आएंगी तापसी


रांची ● मंगलवार, 18 अप्रैल 2023 ● वर्ष : 01 ● अंक : 92 ● रांची संस्करण ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 ● www.thephotonnews.com E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com



### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 59,910.75 |
| निफ्टी | : | 17,706.85 |

### सर्राफा

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,740 |
| चांदी | : | 81.06 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)




इफ्तार (मंगलवार): 06.12
सेहरी (बुधवार) : 04.06

### ब्रीफ न्यूज

## रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को ईडी ने भेजा समन, 21 अप्रैल को बुलाया

**रांची :** झारखंड के चौथे आइएएस छवि रंजन से ईडी की टीम पूछताछ करेगी। इसके संबंध में ईडी ने सोमवार को समन जारी कर दिया है। ईडी ने समन जारी कर 21 अप्रैल को रांची के ईडी जोनल कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा है, जहां उनसे जमीन घोटाले में पूछताछ की जायेगी। इससे पहले ईडी की टीम में छवि रंजन और उनकी पत्नी समेत कई अधिकारियों के ठिकानों पर छापा मार चुकी है। जहां से ईडी को कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। उसी सिलसिले में आइएएस छवि रंजन से पूछताछ की जायेगी।

## भाकपा माओवादी का एरिया कमांडर संजय सिंह धराया

**लातेहार :** पुलिस ने मनिका थाना क्षेत्र के खीराखाड़ गांव में छापामारी कर भाकपा माओवादी के एरिया कमांडर संजय सिंह उर्फ ठेपा सिंह को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार संजय सिंह मनिका थाना क्षेत्र के खीराखाड़ गांव का रहने वाला है। एसडीपीओ दीलू लोहरा ने बताया कि लातेहार एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी का एरिया कमांडर संजय सिंह अपने गांव आया हुआ है। इस सूचना के बाद पुलिस की एक टीम गठित कर एरिया कमांडर की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की गई। पुलिस की टीम ने एरिया कमांडर को उसके घर से ही धर दबोचा।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 16.80 करोड़ की हेरोइन जब्त विदेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई :** सीमा शुल्क विभाग की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर 16.80 करोड़ रुपये मूल्य की 2.4 किलोग्राम हेरोइन (मादक पदार्थ) के साथ युगांडा के एंतेबे से आये विदेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। इस मामले की गहन छानबीन सीमा शुल्क विभाग की टीम कर रही है। सीमा शुल्क के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि युगांडा से मुंबई एक विदेशी नागरिक के आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी के आधार पर मुंबई सीमा शुल्क की टीम एयरपोर्ट पर शनिवार को निगरानी कर रही थी। जैसे ही संदिग्ध विदेशी नागरिक मुंबई एयरपोर्ट पर उतरा, उसकी तलाशी ली गई।

## असम में 3.7 व नगालैंड में 2.5 की भूकंप तीव्रता

**गुवाहाटी :** असम के कामरूप जिला में सोमवार की शाम 4 बजकर 52 मिनट 27 सेकेंड पर 3.7 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप के झटके लगने से लोगों में दहशत फैल गई और लोग घरों से निकलकर बाहर निकल आये। नगालैंड में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां भूकंप की तीव्रता 2.5 दर्ज की गई भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र कामरूप (ग्रामीण) जिले जमीन के अंदर 10 किमी नीचे स्थित था।

# हेमंत कैबिनेट की बैठक में 20 प्रस्तावों पर लगी मुहर : पंचायत सचिव एलडीसी और आशुलिपिक के 2000 पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ

**वरीय संवाददाता, रांची।**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 20 प्रस्ताव की स्वीकृति दी गई। कैबिनेट की बैठक में दिवंगत मंत्री जगन्नाथ महतो के सम्मान में 2 मिनट मौन रहकर श्रद्धांजलि भी दी गई। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया की राज्य में एलडीसी,पंचायत सचिव और आशुलिपिक के 2000 के पद नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। कैबिनेट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कार्मिक विभाग उस आदेश को निरस्त किया गया जिसमे राज्य कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा 2017 के निकाले गए विज्ञापन और नियुक्ति प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया था। अब कैबिनेट के द्वारा कार्मिक के आदेश निरस्त करने के बाद इन पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। बता दे इन पदों पर एग्जाम होने के बाद रिजल्ट भी निकल गया था। लेकिन कार्मिक के आदेश नियुक्ति पर रोक लगी थी। कैबिनेट ने लाह की खेती को कृषि का दर्जा देने का फैसला लिया। इसका लाभ चार लाख ग्रामीण परिवार को मिलेगा। कैबिनेट ने निजी सुरक्षा नियमावली 2023 के गठन की मंजूरी दी। 172 ग्रैजुएट अप्रेंटिस, 162, एडवांस्ड टेक्निकल डिप्लोमा अप्रेंटिस के पद पर एक साल का कार्य लेने की मंजूरी दी गई।

## लाह की खेती को कृषि का दर्जा



### ये मिलेंगे लाभ

- राज्य के अंतर्गत लाह खेती से जुड़े चार लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को लाह कृषक के नाम से संबोधित किया जायेगा।
- लाह खेती से जुड़े ग्रामीणों को भी मौसम आधारित फसल बीमा योजना से जोड़ा जायेगा।
- लाह खेती से जुड़े ग्रामीणों को भी बैंकों के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ दिया जायेगा।
- झारखंड राज्य फसल राहत योजना से लाह कृषकों को लाभुक के रूप में जोड़ा जायेगा।

**रांची :** राज्य सरकार ने लाह की खेती को कृषि का दर्जा दिया है। खेती का दर्जा मिलने से किसानों को काफी फायदा होगा। लाह का व्यवसायिक उपयोग को और बढ़ावा मिलेगा। झारखंड लाह के उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में है। जहां औसतन प्रतिवर्ष लगभाग 10 हजार मीट्रिक टन लाह का उत्पादन होता है। राज्य के लगभग चार लाख ग्रामीण परिवार जिसमें जनजातीय समूह के अधिक है वे इससे जुड़े हैं। कृषि से होने वाली आय का 25-30 प्रतिशत हिस्सा उन्हें लाह की खेती से होता हे। 19 लाह प्रक्षेत्र जिला मुख्य रूप से हैं। इनमें खूंटी, गुमला,प. सिंहभूम, पलामू, गढ़वा, सरायकेला-खरसावां एवं लातेहार इत्यादि प्रमुख जिला है।

## कैबिनेट के अन्य फैसले

- केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु राज्य योजना से टॉप अप सहायता के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में नई राज्य योजना प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के लिए स्टेट टॉप-अप योजना के तहत 12.99 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत की स्वीकृति व संशोधित बजट 2.45 करोड़ व्यय के लिए मंजूरी दी गयी।
- खरीफ विपणन मौसम 2022-23 में धान अधिप्राप्ति योजनान्तर्गत झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड द्वारा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान क्रय हेतु बैंक ऑफ इंडिया से रुपये 776.00 करोड़ के ऋण लेने पर राज्य सरकार की गारंटी दिये जाने की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड राज्य चिकित्सा परिषद् नियमावली, 2023 के गठन की स्वीकृति दी गई।
- राज्यांतर्गत सभी सरकारी एवं निजी नर्सिंग संस्थानों के लिए झारखण्ड राज्यान्तर्गत नर्सिंग संस्थानों के प्रबंधन, नामांकन एवं परीक्षा संचालन नियमावली, 2023 पर स्वीकृति दी गई।
- विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर दिनांक 09 एवं 10 अगस्त, 2022 को झारखण्ड जनजातीय महोत्सव के आयोजन के लिए मनोनित इवेंट मैनेजर व महोत्सव पर हुए खर्च के लिए 5.32 करोड़ भुगतान की घटनोत्तर स्वीकृति दी गयी।
- लाह की खेती को कृषि का दर्जा दिये जाने की स्वीकृति दी गई।
- झारखंड सचिवालय सेवा नियमावली, 2010 यथा संशोधित झारखण्ड सचिवालय सेवा (संशोधन) नियमावली 2021 के नियम-7 (3) में संशोधन की स्वीकृति दी गई।
- झाप्रसे अधिकारीव तत्कालनी बीडीओ हुसैनाबाद को दिए गये अधिरोपित संचयात्मक प्रज्ञाव से दो वेतनवृद्धि पर रोक के दण्ड को यथावत रखने की स्वीकृति दी गई।
- झारखण्ड निजी सुरक्षा अभिकरण नियमावली, 2023 के गठन की स्वीकृति दी गई।
- अंतर्राज्यीय बस पड़ाव, जमशेदपुर का लोक निजी भागीदारी प्रणाली के तहत विकास हेतु तैयार ड्राफ्ट की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- अंतर्राज्यीय बस पड़ाव, रांची का लोक निजी भागीदारी प्रणाली के तहत विकास हेतु ड्राफ्ट की प्रशासनिक स्वीकृति दी गयी।
- अपर महानिदेशक, एनसीसी निदेशालय बिहार एवं झारखण्ड को झारखण्ड राज्य एनसीसी से संबंधित सभी गतिविधियों के निष्पादन हेतु राज्य एनसीसी सेल को घोषित करने की स्वीकृति दी गई।
- मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना अन्तर्गत रोगी धनंजय कुमार सिंह, पिता- राम सुन्दर सिंह, ग्राम झ बागबेड़ा, जमशेदपुर को कैंसर रोग के ईलाज हेतु निर्धारित सीमा से अधिक राशि प्रदान करने के मामले में मंत्रिमण्डल की अनुशंसा प्राप्त कर विभाग द्वारा स्वीकृति दी गई।

# मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंचे छात्रों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज, दो का सिर फटा

## नियोजन नीति के विरोध में पहुंचे थे छात्र, बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश, दर्जनों छात्र नेता गिरफ्तार

**प्रमुख संवाददाता, रांची।**

राज्य में 60-40 नियोजन नीति के खिलाफ मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने आये छात्रों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इसमें दो युवकों का सिर फट गया है, जबकि अन्य को भी चोटें आयी हैं। सोमवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मोरहाबादी में झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले राज्यभर से आये छात्र जमा हुए। इसके बाद सभी छात्र मुख्यमंत्री आवास की ओर रवाना हुए। मोरहाबादी स्थित शिबू सोरेन आवास के पास लगे बैरिकेडिंग पर छात्रों और पुलिस के बीच काफी तक देर बहस हुई। इसके बाद छात्र नेता मनोज यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्रों ने दूसरे रास्ते से मुख्यमंत्री आवास तक पहुंचने की रणनीति बनायी। रणनीति के तहत छात्र रांची विशविद्यालय के पीछे हातमा बस्ती होते हुए कांके रोड स्थित प्रेमसंस के समीप राम मंदिर के पास पहुंच गए। वहां भी पहले से मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद छात्र धरने पर बैठ गए। छात्रों के धरने पर बैठने से कुछ देर के लिए कांके रोड पर आवागमन बाधित हो गया। कई स्कूली बसें भी इस दौरान जाम में फंस गई। काफी समझाने के बाद भी न मानने पर पुलिस ने छात्रों पर लाठी फटकारीं। इसके बाद पुलिस ने धारा 144 का उल्लंघन करने के आरोप में एतियातन छात्र नेता मनोज यादव, बेबी महतो, जयराम महतो सहित 41 छात्रों को गिरफ्तार कर लिया। छात्र प्रशासन के रोके जाने को लेकर बेहद आक्रोशित थे। छात्रों ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने की भी बात कही, लेकिन अधिकारियों ने एक न मानीं।



60-40 नियोजन नीति के खिलाफ मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने पहुंची महिलाओं को खींचकर ले जाती महिला पुलिस ● फोटोन न्यूज

### पुलिस की तैयारी फेल, चकमा देकर सैकड़ों छात्र पहुंचे कांके रोड

पुलिस को मुख्यमंत्री आवास का घेराव होने की सूचना पहले से थी। इसके बाद भी पुलिस की तैयारी पूरी नहीं थी। पुलिस के द्वारा मोरहाबादी, सर्किट हाउस, रांची कालेज और कांके रोड में बैरिकेडिंग लगाया गया था। पुलिस बल को मोरहाबादी और सर्किट हाउस के पास तैनात किया गया था। लेकिन छात्रों ने पुलिस की तैयारी को पूरी तरह से फेल कर दिया। छात्रों के द्वारा पहले से योजना तैयार की गई थी कि उन्हें किस रास्ते का इस्तेमाल कर के कांके रोड़ पहुंचना है। सभी छात्रों ने एप्रोच सड़क का इस्तेमाल किया और पुलिस को चकमा देकर कांके रोड़ पहुंच गए। पुलिस सर्किट हाउस के पास छात्रों का इंतजार करते रही और छात्र हनुमान मंदिर के पास एकजुट हो गए। आनन फानन में पुलिस कांके रोड पहुंची और छात्रों को वहीं पर रोक दिया गया। पुलिस को पहुंचने में देर होती तो सभी छात्र मुख्यमंत्री आवास तक पहुंच जाते। छात्र संगठनों के द्वारा मंगलवार को मशाल जुलूश निकाला जाएगा। इसके लिए छात्रों की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है। बुधवार को छात्र संगठनों के द्वारा झारखंड बंद का एलान किया गया है। पुलिस केक द्वारा कई छात्र नेताओं को थाना में बुलाकर उन्हें नोटिस दिया गया था इसके बाद भी छात्र नेता मोरहाबादी पहुंचे और घेराव में शामिल हुए।

#### सशरीर उपस्थित हुए के. श्रीनिवासन, कोर्ट ने मामले में दायर अवमानना याचिका को किया ड्रॉप

# हाईकोर्ट से परिवहन सचिव ने मांगी माफी

**विशेष संवाददाता, रांची।**

परिवहन सचिव के. श्रीनिवासन की ओर से कोर्ट से माफी मांगी गई है, जिस पर कोर्ट ने उन्हें माफ करते हुए मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द शुरू करने का निर्देश दिया है। परिवहन सचिव ने कोर्ट को बताया कि 15 मई तक कोर्ट के आदेश का अनुपालन कर लिया जाएगा। जिसके बाद कोर्ट ने अवमानना याचिका को ड्रॉप कर दिया। उनकी ओर से यह भी बताया गया कि नियमावली में बदलाव कर संशोधित विज्ञापन निकालकर मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इससे पहले सुनील कुमार पासवान द्वारा मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर (एमवीआई) की नियमित बहाली के मामले में दायर अवमानना याचिका मामले में सुनवाई को लेकर परिवहन सचिव के। श्रीनिवासन हाईकोर्ट पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ रांची एसएसपी किशोर कौशल भी मौजूद थे। बता दें कि परिवहन सचिव को कोर्ट में पेश करने को लेकर 13 अप्रैल को जमानतीय वारंट हाईकोर्ट ने जारी किया था और रांची एसएसपी को उन्हें कोर्ट में पेश करने को कहा था। बता दें कि इससे पूर्व में हुई सुनवाई में हाईकोर्ट ने परिवहन सचिव को एमवीआई के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देते हुए शपथ पत्र दाखिल करने को कहा था। कोर्ट ने परिवहन सचिव को 29 मार्च को खुद शपथ पत्र दाखिल करने को कहा था। परिवहन सचिव की ओर से इसके बाद 2 सप्ताह का समय मांगा गया था लेकिन इस दौरान भी परिवहन सचिव की ओर से जवाब दाखिल नहीं हो सका था।



**क्या है मामला**

सुनील कुमार पासवान ने याचिका दाखिल कर कहा है कि राज्य में एमवीआई के पद पर 10 साल से रिक्त है। कई बार नियमित नियुक्ति करने का निर्देश दिया गया है लेकिन दूसरे विभाग के कर्मचारियों को एमवीआई के पद पर प्रतिनियुक्त किया गया लेकिन नियुक्ति नहीं की गई जबकि राज्य में एमवीआई के 49 स्वीकृत पद मौजूद हैं।

### 38 लोगों का वेतन रोकने की जांच क्यों न सीबीआई से कराई जाए : कोर्ट

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने सोमवार को कौशल विकास केंद्र के 38 वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर के वेतन का भुगतान न करने पर नाराजगी जताई। जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने इस संबंध में इस्मत अंसारी की याचिका पर सुनवाई के दौरान मौजूद श्रम विभाग के सचिव से पूछा कि इस मामले की जांच क्यों न सीबीआई से कराई जाए। इसका जवाब वह शपथपत्र के माध्यम से दें। इस्मत की पैरवी अधिवक्ता नवीन कुमार ने की। हाई कोर्ट इस्मत की याचिका पर अगली सुनवाई 25 अप्रैल को होगी। अधिवक्ता नवीन कुमार ने कहा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जांच के बाद भी वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि कौशल विकास केंद्र में वोकेशनल ट्रेनिंग प्रोवाइडर की नियुक्ति की गई थी। जांच में 38 लोगों को क्लीन चिट मिल चुकी है।

# बिहार में जहरीली शराब का कहर जारी, 32 की मौत

## पांच थानेदार समेत 11 पुलिसकर्मी निलंबित

**एजेंसी, मोतिहारी।**

बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में जहरीला पेय पदार्थ पीने से अब तक 32 मौत हो चुकी है। पुलिस के मुताबिक रविवार को देर रात तक 11 लोगों ने दम तोड़ दिया। वहीं 15 लोगो का इलाज सदर अस्पताल में और 14 लोगो का इलाज निजी नर्सिंग होम में चल रहा है, जिसमे 4 की स्थिति गंभीर है। रविवार को जिन 11 लोगो की मौत हुई,उनमे तुरकौलिया के चार, हरसिद्धि के पांच, और सुगौली के दो व्यक्ति शामिल हैं। इस प्रकार देखा जाय तो जिले में हुई कुल 32 मौतों में तुरकौलिया के 14, सुगौली के 7, हरसिद्धि के 7 और पहाड़पुर के 4 लोग शामिल हैं। जिसमे छह शवों का पोस्टमार्टम हो चुका है। मृतको में ज्यादातर पिछड़े और दलित समुदाय के है। पीड़ित क्षेत्रों में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। वही कार्रवाई की बात की जाय तो एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर चार थानों में पांच एफआईआर दर्ज की गयी है। इनमें 20 नामजद व 15 अज्ञात शराब तस्करों को आरोपित किया गया है।वही प्रभावित क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर शराब से जुड़े 80 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि डीएसपी की जांच रिपोर्ट के बाद पर तुरकौलिया एसएचओ मिथिलेश कुमार, हरसिद्धि एसएचओ ज्वाला सिंह, पहाड़पुर एसएचओ अभिनव दुबे, सुगौली एसएचओ अखिलेश्वर मिश्र व रघुनाथपुर एसएचओ मुकेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के बाद उन्हें लाइन हाजिर किया गया है। साथ ही लापरवाही के आरोप में एंटी लीकर टॉस्क फोर्स के दो जमादार व नौ चौकीदारों को भी निलंबित किया गया है।

भारत 100वीं जी-20 बैठक की मेजबानी के साथ अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धि का मना रहा जश्न

# भारत ने जी-20 प्रेसीडेंसी में वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाया : प्रधानमंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को जी-20 की सौ बैठकें पूरी होने पर कहा कि भारत ने जी-20 प्रेसीडेंसी में वैश्विक भलाई को आगे बढ़ाने और एक बेहतर दुनिया बनाने के लिए काम किया है।

भारत सोमवार को वाराणसी में अपनी 100वीं जी-20 बैठक यानी कृषि मुख्य वैज्ञानिकों (एमएसीएस) की बैठक की मेजबानी के साथ अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धि का जश्न मना रहा है। वहीं गोवा में हेल्थ वर्किंग ग्रुप, हैदराबाद में डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप और शिलांग में स्पेस इकोनॉमी लीडर्स प्री-कर्सर मीटिंग भी आज आयोजित की जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर कहा, ह्लएक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के सिद्धांत द्वारा निर्देशित और ह्लवसुधैव कुटुम्बकमह्व के हमारे लोकाचार के अनुरूप, भारत की जी-20 प्रेसीडेंसी ने वैश्विक


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फाईल फोटो।

भलाई को आगे बढ़ाने और एक बेहतर दुनिया बनाने के लिए काम किया है ह्व

विदेश मंत्रालय के अनुसार अब तक तीन मंत्री स्तरीय बैठकें हो चुकी हैं। वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की पहली बैठक (एफएमसीबीजी) 24-25 फरवरी 2023 को बेंगलुरु में आयोजित की गई थी। जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक (एफएमएम) 1-2 मार्च 2023 को नई दिल्ली में आयोजित की गई थी, जबकि दूसरी एफएमसीबीजी बैठक 12-13 अप्रैल 2023 को वाशिंगटन डीसी में आयोजित की गई।

वहीं दो शेरपा बैठकें उदयपुर (4-7 दिसंबर 2022) और कुमारकोम (30 मार्च - 2 अप्रैल 2023) में आयोजित की गई हैं।

भारत की जी-20 अध्यक्षता में, इस समूह के नेताओं का शिखर सम्मेलन 9 और 10 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

इससे पहले की तैयारियों के सिलसिले में भारत द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों के दौरान समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्य-उन्मुख और निर्णायक एजेंडे के लिए जी-20 सदस्य राष्ट्रों तथा अतिथि देशों से इसे अपार समर्थन प्राप्त हुआ है।

उल्लेखनीय है कि दुनिया के 20 बड़ी अर्थव्यवस्था वाले समूह (जी-20) में 19 देश (अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किए, यूनाईटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका) और यूरोपीय संघ शामिल हैं।

जी-20 के सदस्य देश, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार के 75 प्रतिशत से अधिक और विश्व की जनसंख्या के लगभग दो-तिहाई का प्रतिनिधित्व करते हैं।

पिछले साल 16 नवंबर को जी-20 बाली शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जी-20 की अध्यक्षता सौंपी गई थी। इसके बाद भारत की साल भर चलने वाली जी-20 अध्यक्षता पिछले साल 1 दिसंबर को शुरू हुई और इस साल 30 नवंबर तक जारी रहेगी।

इससे पहले 8 नवंबर को प्रधानमंत्री ने जी-20 लोगो लॉन्च किया था और भारत की जी-20 प्रेसीडेंसी थीम - ₹वसुधैव कुटुम्बकम₹ यानी - ₹वन अर्थ-वन फैमिली-वन फ्यूचर₹ का अनावरण किया था। जी-20 लोगो को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के रंगों में डिजाइन किया गया, जो हमारे पृथ्वी-समर्थक दृष्टिकोण और चुनौतियों के बीच विकास का प्रतीक है।

अपनी अध्यक्षता के दौरान भारत वैश्विक दक्षिण और विकासशील देशों की आवाज और चिंताओं को भी मजबूती से सामने रख रहा है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में जनवरी 2023 को आयोजित ह्लवॉयस ऑफ ग्लोबल साउथह्व शिखर सम्मेलन में 125 देशों ने भाग लिया, जिसमें 18 देशों के प्रमुख और अन्य मंत्री स्तर के प्रतिनिधि शामिल थे।

इसके अलावा भारत की वर्तमान अध्यक्षता के दौरान अफ्रीका से अब तक की सबसे ज्यादा भागीदारी हुई है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका (जी-20 सदस्य), मॉरीशस, मिस्त्र, नाइजीरिया, एयू अध्यक्ष झ्र कोमोरोस और एयूडीए-एनईपीएडी शामिल हैं।

भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान व्यक्तिगत रूप से भागीदारी अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी में से एक है। अब तक 110 से अधिक राष्ट्रीयताओं वाले 12,300 से अधिक प्रतिनिधियों ने जी-20 से संबंधित बैठकों में भाग लिया है। इसमें जी-20 सदस्यों, 9 आमंत्रित देशों और 14 अंतरराष्ट्रीय संगठनों की भागीदारी शामिल है।

वहीं अब तक 28 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को कवर करते हुए 41 शहरों में जी-20 की 100 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं।

## हक देने के बजाय युवाओं पर लाठियां बरसा रही सोरेन सरकार : दीपक प्रकाश

**संवाददाता, रांची।**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने सोमवार को राज्य सरकार पर कड़ा प्रहार किया। प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के बेरोजगार नौजवानों के साथ अपराधियों और देशद्रोहियों जैसा व्यवहार कर रही है। अपने हक और अधिकार की मांग करने वाले बेरोजगार छात्रों पर हेमंत सरकार लाठियां बरसा रही है और उन्हें गिरफ्तार कर जेल की धौंस दिखा रही है।

उन्होंने एक बयान में कहा कि झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के बैनर तले हजारों छात्रों का यह पूर्व


दीपक प्रकाश की फाईल फोटो।

घोषित कार्यक्रम था। राज्य के बेरोजगार नौजवान, जो पिछले साढ़े तीन वर्षों से नौकरी की प्रतीक्षा कर रहे, उनका धैर्य अब समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि युवा वही मांग रहे हैं, जिसकी हेमंत सरकार ने चुनाव पूर्व वादा किया था, लेकिन यह सरकार अपना वादा पूरा करने के बदले युवाओं को कभी भाषा के नाम पर, कभी 1932 के नाम पर तो कभी 60:40 की अमान्य नियोजन नीति के नाम पर बरगला रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को वर्ष 2019 का अपना भाषण तथा झामुमो कांग्रेस राजद के नेताओं को अपना घोषणापत्र देखना चाहिए। युवा वही मांग रहे जिसके आधार पर गठबंधन ने घूम-घूम कर वोट मांगे थे। प्रकाश ने कहा कि युवाओं का खून बहाना हेमंत सरकार को काफी महंगा पड़ेगा। राज्य की युवा शक्ति खून के एक-एक बूंद का बदला ईवीएम से लेगी।

## ममता के बयान पर भड़की भाजपा, 'साबित करिए, नहीं तो उठायेंगे कानूनी कदम'

**एजेंसी, कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान पर भाजपा ने तीखा हमला किया है। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा है कि साबित करिए,नहीं तो कानूनी कदम उठायेंगे।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य सचिवालय में मीडिया से बातचीत के दौरान भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) पर देश भर में दंगे की साजिश रचने का आरोप लगाया है।

हाल ही में रामनवमी के दौरान पश्चिम बंगाल के हावड़ा और हुगली के रिसड़ा में हुए दंगे का जिक्र करते हुए ममता ने कहा,'आपको नहीं लगता कि दंगों की प्लानिंग किसी और ने नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी ने हीं की है। अभी देश भर में जो सौ दंगे हुए उन सब की साजिश भाजपा ने रची है। अभी हाल ही में पार्टी की आंतरिक सांगठनिक बैठक में निर्णय लिया गया है कि देश भर में सांप्रदायिक दंगे कराने हैं, देश भर में जातिगत दंगे करवाने हैं। यहां तक कि उत्तर बंगाल में पृथक राज्य के आंदोलन को समर्थन करना है क्योंकि किसी भी तरह से चुनाव जीतना है।'

उनके इस बयान पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पलटवार किया है। मजूमदार ने ट्विटर पर लिखा है कि ममता बनर्जी ने इस संबंध में जो भी बयान दिया है उसे साबित करने के लिए 24 घंटे के भीतर प्रमाण दें। अगर नहीं देंगी तो प्रदेश भाजपा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। उन्हें याद रखना चाहिए कि सूरज पर थूकने पर वह चेहरे पर ही आकर गिरता है।

राष्ट्रपति मुर्मू का शिमला दौरा आज से

## कैनेडी चौक से बालूगंज तक बंद रहेगी ट्रैफिक

**एजेंसी, शिमला।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार से शिमला के चार दिन के दौरे पर रहेंगी। मुर्मू पिछले साल ही राष्ट्रपति बनीं थी जिसके बाद शिमला का यह उनका पहला दौरा होगा। शिमला दौरे के दौरान वह शिमला से सटे छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास दी रिट्रीट में रुकेंगी। उनके आगमन को लेकर शासन-प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। राष्ट्रपति 19 अप्रैल को उपनगर समरहिल स्थित हिमाचल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी।

राष्ट्रपति के प्रदेश विवि में आने के चलते कैनेडी चौक से लेकर बालूगंज तक सड़क पर यातायात 19 अप्रैल को प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में जिला दंडाधिकारी आदित्य नेगी की ओर से सोमवार को आदेश जारी किए गए हैं। इसके मुताबिक सुबह 10 से लेकर सायं 5 बजे तक सभी प्रकार के वाहनों के लिए यातायात बंद रहेगा। आपातकाल वाहनों पर ये नियम लागू नहीं होंगे।

राष्ट्रपति के प्रवास के चलते सुरक्षा कड़ी, 1500 जवान सम्भालेंगे सुरक्षा का जिम्मा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शिमला दौरे को लेकर पुलिस ने सुरक्षा कड़ी करते हुए शहर में पहरा बढ़ा दिया है। पुलिस जवानों ने सोमवार को सुरक्षा का जिम्मा संभाल लेंगे। शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात की गई है। करीब 1500 जवान इस दौरान सुरक्षा का जिम्मा संभालने के लिए तैनात रहेंगे। 250 जवान यातायात व्यवस्था देखेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे शहर को 6 सेक्टर में बांटा गया है। एएसपी, डीएसपी व इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी सेक्टर इंचार्ज होंगे। जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट से लेकर छराबड़ा तक पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं।

शिमला पुलिस ने छराबड़ा से लेकर नवबहार तक 16 किलोमीटर तक सड़क के किनारे अवैध रूप से पार्क गाड़ियों को हटा दिया है। पुलिस वाहन मालिकों को सूचित कर रही है कि वह अगले चार दिन यहां सड़क किनारे वाहन पार्क न करें। राष्ट्रपति के प्रवास के मद्देनजर पुलिस व प्रशासन ने आज शहर में रिहर्सल भी की।



## झासा अध्यक्ष और महासचिव सीएम से मिले, ज्ञापन सौंपा, महिला अधिकारियों के लिए चाईल्ड केयर लीव की मांग की

**रांची :** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष रंजीता हेम्ब्रम और महासचिव राहुल कुमार ने आज झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की. दोनों ने संघ की विभिन्न मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा. संघ की मांगों में कहा गया है कि भारत सरकार सहित कई अन्य राज्यों ने अपने महिला कर्मचारियों को चाईल्ड केयर लीव की सुविधा दी है, जिससे महिला कर्मी सम्मान के साथ नौकरी करते हुए अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन कर सकें. संघ ने कहा कि झारखंड राज्य की महिला कर्मियों को अब तक यह सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गयी है.

## अमृतसर में हमलावरों ने भाजपा नेता को गोली मारी

**चंडीगढ़ :** पंजाब के अमृतसर में कल (रविवार ) रात अज्ञात हमलावरों ने पंजाब भाजपा एससी मोर्चा के महासचिव बलविंदर सिंह को गोली मार दी। लहूलुहान भाजपा नेता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अमृतसर में इससे पहले हिंदू नेता सुधीर सूरी की हत्या की जा चुकी है। पिछले कुछ समय से पंजाब में हिंदू नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। बलविंदर सिंह पर हुए प्राणघातक हमले के बाद एसपी जुगराज सिंह उनके घर पहुंचे। पुलिस के अनुसार बलविंदर सिंह अपने घर पर आराम कर रहे थे। कुछ लोगों ने घर की घंटी बजाई। हमलावरों ने दरवाजा खोलते ही उन्हें गोली मार दी। गोली बलविंदर सिंह के जबडे.के आर-पार हो गई। इसके बाद हमलावर बाइक से फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनते ही परिवार और आसपास के लोग पहुंचे। परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। उनकी हालत गंभीर है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले लिया है। रातभर अमृतसर में नाकाबंदी करके वाहनों की जांच की लेकिन हमलावरों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। एसपी जुगराज सिंह के अनुसार बलविंदर सिंह अभी बयान देने की स्थिति में नहीं हैं। परिवार ने किसी भी प्रकार की रंजिश से इनकार किया है।

केन्द्रीय संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी, कहा

## प्रथम वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे पीएम

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के सहयोग से संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित होने जा रहे प्रथम वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसका आयोजन 20-21 अप्रैल को नई दिल्ली में किया जा रहा है।

केन्द्रीय संस्कृति मंत्री जी.


मंत्री जी. किशन रेड्डी की फाईल फोटो।

किशन रेड्डी ने सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि वैश्विक बौद्ध शिखर सम्मेलन की थीम समसामयिक चुनौतियों का समाधान - अभ्यास के लिए दर्शन रहेगी। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ भारत देश के लिए नहीं बल्कि विश्व कल्याण की दृष्टि से मोदी सरकार की पहल है, जिसका उद्देश्य दुनिया की प्रमुख चुनौतियों का समाधान बौद्ध दर्शन से करना है। उन्होंने बताया कि इस शिखर सम्मेलन का संस्कृति, विरासत, पर्यटन, राजनयिक संबंधों और भविष्य की रणनीति की दृष्टि से भी बहुत बड़ा महत्व है।

किशन रेड्डी ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बौद्ध जीवन दर्शन के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ बौद्ध विरासत का अभूतपूर्व विकास किया।

उन्होंने बताया कि इस शिखर सम्मेलन में 30 देशों के 170 प्रतिनिधि और भारत के 150 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले प्रतिनिधियों में विभिन्न बौद्ध संघों के प्रमुख, देश के कई बड़े दार्शनिक और कई विश्वविद्यालयों के कुलपति शामिल होंगे। इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में अलग-अलग विषयों पर चर्चा, संवाद, परिसंघों के प्रमुखों का मार्गदर्शन और भविष्य की दिशा एवं योजना पर बातचीत होगी। दुनिया से आने वाले प्रतिनिधियों को भारत सरकार बौद्ध धर्म के प्रमुख स्थलों का भ्रमण भी कराएगी।

## ब्रीफ न्यूज


### कांग्रेस बचाओ महाधरना 20 अप्रैल को

**रांची :** मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष 20 अप्रैल को संध्या 4.30 बजे से कांग्रेस बचाओ महाधरना का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर निलंबित कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ. राजेश गुप्ता छोटू, रमेश उरांव एवं साधु शरण गोप ने संयुक्त बयान जारी किया है। महाधरना के माध्यम से प्रदेश प्रभारी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को पदमुक्त करने की मांग करेंगे। दुबे ने कहा कि जय भारत सत्याग्रह में 1950 किमी. की पैदल यात्रा करने की घोषणा की गई थी, लेकिन इसके उलट हवाई जहाज और कार से सत्याग्रह यात्रा की गई। शाहदेव ने कहा कि प्रदेश प्रभारी अनुशासन के नाम पर लगातार कार्यकताओं को डरा रहे हैं और निलंबित कर रहे हैं।

### सोनमेर मंदिर में भाजयुमो ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**खूंटी :** कर्रा प्रखंड के प्रसिद्ध सोनमेर मंदिर प्रांगण में भाजयुमो खूंटी जिला द्वारा कर्रा सीएचसी के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस चिकित्सा शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न बीमारियों की जांच कर उनके बीच दवा का वितरण किया गया। मौके पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के खूंटी जिलाध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों से गांव देहात के लोगों को गांव में ही अपनी बीमारी की जांच व उपचार कराने में काफी सहूलियत होती है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में भाजयुमो द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले के अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे शिविरों का आयोजन कराया जाएगा। शिविर में डॉक्टर ओसामा ने मरीजों की जांच की, वहीं नर्स गीता कुमारी, अनिता कुमारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रशिक्षक प्रदीप कुंडू, उदय बडाईक आदि ने चिकित्सा सेवा दी।

### राज्यपाल ने राष्ट्रपति को चारधाम यात्रा का दिया निमंत्रण


राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट करते हुए गुरमीत सिंह। ● एजेंसी

**देहरादून :** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राष्ट्रपति को इसी माह से प्रारम्भ हो रही चारधाम यात्रा के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर राज्यपाल ने राष्ट्रपति को बताया कि चारधाम यात्रा के लिए व्यवस्थाएं और तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान राज्यपाल ने राष्ट्रपति के हाल में ही उनके उत्तराखंड भ्रमण की स्मृतियों पर आधारित कॉफी टेबल बुक और नक्षत्र वाटिका पर आधारित एक लघु फिल्म भेंट की। राज्यपाल ने राष्ट्रपति को बताया की उत्तराखंड के राजकीय विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध महाविद्यालयों और संस्थानों की सम्बद्धता के लिए उत्तराखंड कॉलेज एफिलिएशन पोर्टल शुरू किया गया है। इस पोर्टल का उद्देश्य सम्बद्धता प्रक्रिया को पारदर्शी, समयबद्ध व सुगम बनाया जाना है। उन्होंने राष्ट्रपति को प्रदेश में बालिका कल्याण एवं महिला सशक्तिकरण के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी भी दी।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा- सामाजिक न्याय के लिए जातिगत जनगणना जरूरी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए जातिगत आधारित जनगणना जरूरी है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को इस बारे में ट्वीट किया है। उन्होंने कहा है वर्ष 2021 में नियमित दस वर्षीय जनगणना कराई जानी थी। वह नहीं हो पाई है। हमारी मांग है कि जनगणना तत्काल कराई जाए। व्यापक जाति आधारित जनगणना को इसका अभिन्न अंग बनाया जाए। उन्होंने आशंका जताई है कि जातिगत जनगणना के अभाव में सामाजिक न्याय के कार्यक्रमों का डेटा अधूरा है। इससे पहले खड़गे ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर जाति आधारित जनगणना कराने की मांग की थी। खड़गे ने कहा था कि आप (प्रधानमंत्री मोदी) जानते हैं कि यूपीए सरकार ने पहली बार 2011-12 के दौरान करीब 25 करोड़ परिवारों को कवर करते हुए सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना कराई थी। मई 2014 में आपकी सरकार आने के बाद कांग्रेस और अन्य सांसदों ने इसे जारी करने की मांग की लेकिन कई कारणों से जातिगत आंकड़े प्रकाशित नहीं किए गए।

### बर्बरतापूर्ण कार्रवाई से लोकतंत्र की हत्या कर रही है यूपीए सरकार : सांसद

**रांची :** नियोजन नीति को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हेमंत सोरेन सरकार बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज करवा कर लोकतंत्र की हत्या कर रही है। सांसद सोमवार को यूपीए सरकार के द्वारा किए गए लाठीचार्ज के बाद पत्रकारों से बातचीत में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सरकार नौकरी और नियोजन जैसे मुद्दों पर युवाओं के कंधे पर चढ़कर आई है। हेमंत सोरेन ने यूपीए के नेतृत्व में जनता को बरगला कर वोट लिया और अब उन वोटों की कीमत के बदले जनता को लाठीचार्ज का तोहफा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपीए नेतृत्व वाली सरकार कांग्रेस के नक्शे कदम पर चल रही है। युवाओं के खून का एक-एक बूंद इस भ्रष्ट और घोटालेबाज सरकार के ताबूत की आखिरी कील साबित होगा। सांसद ने कहा कि यह सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। कुछ दिन पूर्व शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे भाजपा कार्यकताओं पर लाठी, आंसू गैस के गोले और पानी की बौछार से हिंसात्मक कार्रवाई की गई। अब नियोजन के सवाल पर इंसाफ मांगने आए छात्रों पर लाठीचार्ज कर उनका खून बहाया गया।

### कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की 10 उम्मीदवारों की तीसरी सूची

**नई दिल्ली :** कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी तीसरी सूची जारी कर दी है। सोमवार को जारी सूची में 10 उम्मीदवार शामिल हैं। इससे पहले भाजपा ने पहली लिस्ट में 189 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। इसके बाद दूसरी लिस्ट में 23 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी। इसी के साथ कर्नाटक की कुल 224 सीटों में से भाजपा ने 222 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। अभी दो सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान होना बाकी है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक विधान सभा चुनाव के लिए नामांकन के लिए अंतिम तारीख 20 अप्रैल है। कर्नाटक की सभी 224 विधानसभा सीट के लिए 10 मई को मतदान होगा और वोटों की गिनती 13 मई को की जाएगी।

### प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का लेख साझा किया

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के लेख ह्लमन की बात के 100 तक पहुंचते ही, इसने पूरे देश में बड़े स्तर पर प्रयास की अलख जगाई हैह्व को साझा किया है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामले और खेल मंत्री के एक ट्वीट के जवाब में पीएमओ ने ट्वीट किया, ह्लकेंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर लिखते हैं कि कैसे ह्लमन की बातह्व अपने विषय के साथ-साथ लोगों और समाज के साथ संवाद करने के अभिनव तरीके के मामले में अद्वितीय है।

# हाईकोर्ट ने एनटीपीसी के लिए भूमि अधिग्रहण मामले में केंद्र और राज्य सरकार से मांगा जवाब

## तीन हजार करोड़ के भूमि-मुआवजा घोटाला की जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर हुई सुनवाई



झारखंड हाईकोर्ट

**विशेष संवाददाता, रांची।**

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में सोमवार को हजारीबाग में एनटीपीसी के लिए हुए भूमि अधिग्रहण मामले के दौरान कथित रूप से हुए तीन हजार करोड़ के भूमि-मुआवजा घोटाला की जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने केंद्र सरकार से और राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार को चार सप्ताह में एफिडेविट के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान ईडी ने पक्ष रखा। ईडी की ओर से अदालत को बताया गया कि केरेडारी थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई है। अब अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 19 जून को करेगा। खंडपीठ ने मंटू सोनी की याचिका पर सुनवाई की। मंटू सोनी की ओर से अधिवक्ता अभिषेक कृष्ण गुप्ता और मदन कुमार ने पक्ष रखा।

हजारीबाग में भूमि-मुआवजा से संबंधित गड़बड़ियों के सामने आने के बाद वर्ष 2016 में तत्कालीन उपायुक्त मुकेश कुमार की अनुसंशा पर, राज्य सरकार ने रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी टीम गठित की थी। एसआईटी की टीम ने राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट में 3000 करोड़ के भूमि मुआवजा घोटाले किए जाने और 300 करोड़ मुआवजा बांट दिए जाने की जानकारी दी थी। याचिकाकर्ता के मुताबिक, राज्य सरकार की ओर से कार्रवाई के नाम पर अब तक सिर्फ एनटीपीसी के प्रबंध निदेशक और हजारीबाग उपायुक्त को पत्राचार किया गया है।

## देवघर में बाबा मंदिर के निकट क्यू कंप्लेक्स निर्माण को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की याचिका पर राज्य सरकार ने जवाब के लिए मांगा समय

**रांची :** देवघर में बाबा बैजनाथ मंदिर के निकट क्यू कंपलेक्स के फेज दो का निर्माण को जल्द कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए फिर से समय की मांग की गई। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 20 अप्रैल को निर्धारित की है। इससे पूर्व सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता शिवानी जालुका और पार्थ जालान की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि बाबा बैजनाथ मंदिर, देवघर के लिए क्यू कंपलेक्स के दूसरे फेज का निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें केंद्र सरकार की ओर से अपने अंशदान के रूप में 25 करोड़ रुपए की राशि दे दी गई है। लेकिन राज्य सरकार की ओर से भी अपने हिस्से का फंड उपलब्ध नहीं कराया गया है।

नवयुग कंपनी लिमिटेड ने सीएसआर स्कीम के तहत क्यू कंपलेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए अपने स्तर से 120 करोड़ देने को लेकर सरकार को पत्र लिखा है। नवयुग कंपनी के इस पत्र राज्य सरकार ने निर्णय नहीं लिया है। राज्य सरकार के पास यह पत्र अभी भी लंबित है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि देवघर में बाबा मंदिर के निकट क्यू कंपलेक्स का निर्माण 3 फेज में किया जा रहा है। वर्ष 2011 में इसकी स्वीकृति दी गई थी। क्यू कंपलेक्स के पहले फेज का निर्माण पूरा हो चुका है। अब द्वितीय फेज का निर्माण कार्य पूरा होना है। बता दें कि सांसद निशिकांत दुबे ने याचिका में कहा है कि देवघर बाबा मंदिर में दर्शन करने हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। क्यू कंपलेक्स बनने से श्रद्धालुओं को काफी राहत होगी। जन भावना को देखते हुए इसका निर्माण कार्य जल्द किया जाना चाहिए। सावन के माह में क्यू कंपलेक्स के रहने से लोगों की समस्या कम होगी।

## जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में हुई गड़बड़ी मामले में सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश

**रांची :** जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में हुई गड़बड़ी मामले में दाखिल जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को 2 सप्ताह में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि मामले में एफआईआर दर्ज हो चुका है। इस पर प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार ने कोर्ट को बताया कि एफआईआर दर्ज होने के बावजूद अभी तक जांच नहीं हो रही है। जबकि पूर्व की सुनवाई में राज्य के डीजीपी की ओर से हाईकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया गया था।

दाखिल शपथ पत्र में बताया गया है कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, अब आगे की जांच की जा रही है। कोर्ट को यह भी बताया गया था कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में हुई गड़बड़ी की ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए जमशेदपुर एसएसपी को पत्र लिखा गया था। कोर्ट ने मामले में गृह सचिव, डीजीपी, जमशेदपुर एसएसपी को प्रतिवादी बनाया था। बताते चलें कि राजेश जायसवाल की ओर से इस मामले को लेकर जनहित याचिका दाखिल की गई थी। प्रार्थी ने जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन की ऑडिट कराने की मांग की थी।

## ब्रिलिएंट ट्यूटोरियल्स को हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**रांची :** झारखंड कंज्यूमर डिस्प्यूट रिड्रेसल कमिशन की याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में प्रतिवादी मेसर्स ब्रिलिएंट ट्यूटोरियल्स प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 19 जून निर्धारित की है। इससे पूर्व सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने कोर्ट को बताया कि कमीशन ने मेसर्स ब्रिलियंट ट्यूटोरियल प्राइवेट लिमिटेड को अपीयर होने के लिए कहा था लेकिन वह कमीशन के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि कमीशन किसी पार्टी को नोटिस करती है लेकिन वह अपीयर नहीं करता है। अगर उसके बाद कमीशन उसके खिलाफ वारंट जारी करती है तो वह कार्यान्वित नहीं होता है।

## झारखंड की कपिलो ग्राम पंचायत को मिला सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार

**वरीय संवाददाता, रांची।**

हेमंत सोरेन सरकार की पंचायतीराज व्यवस्था को सशक्त करने की कड़ी और मजबूत हो रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। सरकार के प्रयास का ही परिणाम है कि गिरिडीह स्थित कपिलो ग्राम पंचायत को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार पूरे भारत में उत्कृष्ट कार्य करने वाली तीन ग्राम पंचायतों को दिया गया है।

सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सोमवार को आयोजित समारोह में केन्द्रीय पंचायतराज मंत्री ने यह पुरस्कार पंचायत के मुखिया को दिया गया। दरअसल, केंद्रीय पंचायत राज मंत्रालय प्रत्येक वर्ष विकास योजनाओं के पंचायती राज संस्थानों के कार्य निष्पादन को बेहतर कार्य करने वाले पंचायतीराज संस्थाओं को पुरस्कृत करता है। इस समारोह में विभिन्न पुरस्कार के श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य के लिए कपिलो ग्राम पंचायत को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार मिला है।

ग्राम पंचायत कपिलो गिरिडीह के बिरनी प्रखण्ड में स्थित है। कपिलो पंचायत में कपिलो, पंडाना कला, राजमनिया और चानो गांव ही हैं। ग्राम पंचायत ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत मूल्यांकन वर्ष में 96 पक्का आवास का निर्माण किया। पंचायत में कॉमन सर्विस सेंटर और पंचायत का अपना सिस्टम सेटअप संचालित है। पंचायत में आकर्षक पंचायत भवन के साथ आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, प्रज्ञा केंद्र एवं ज्ञान केंद्र की स्थापित हैं।



### कपिलो में हर घर बिजली और पेयजल

कपिलो के हर घर में बिजली 24 घंटा बिजली उपलब्ध रहती है। हर घर में नल से शुद्ध पेयजल सुविधा उपलब्ध है। जल भंडारण सुविधा के लिए स्टोरेज टैंक भी है। पंचायत का अपना एंबुलेंस भी उपलब्ध है, जिसमें ऑक्सीजन सहित सभी सुविधा उपलब्ध है। पंचायती राज के निदेशक निशा उरांव ने कहा कि पंचायतों में बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकारी योजनाओं के साथ साथ इनोवेशन की भी जरूरत हैं। नवाचार विकास को गति प्रदान करता है। इस प्रकार की नीति संस्कृति और श्रेष्ठ प्रथाओं को प्रोत्साहन देना होगा और इन्हें अन्य गांवों में भी अपनाना होगा ताकि हर गांव समृद्ध बनें।

## अमरनाथ यात्रियों के लिए हेल्थ सर्टिफिकेट अनिवार्य, रिम्स के पांच डॉक्टरों की टीम गठित

### ऑफलाइन और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे श्रद्धालु

**वरीय संवाददाता, रांची।**




फाइल फोटो

अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगी। श्रद्धालु 17 अप्रैल से ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही मोड में रजिस्ट्रेशन करा पाएंगे। इस वर्ष भी यात्रा के लिए स्वास्थ्य सर्टिफिकेट अनिवार्य है। अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों की उम्र 13 से 70 वर्ष के बीच होनी चाहिए। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान में पांच चिकित्सकों की टीम का गठन करते हुए उन्हें अनिवार्य स्वास्थ्य जांच के लिए नामित किया गया है। चिकित्सकों में सिद्धार्थ कपूर, डॉ नीलाभ कुमार सिंह, डॉ सतीश कुमार, डॉ मनीषा भगत और डॉ सौरभ सुमन शमिल है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ हीरेन्द्र बिरुआ ने बताया कि अमरनाथ यात्रा 2023 के भक्तों के लिए रिम्स द्वारा हेल्पलाइन नंबर 9039129569 भी जारी किया गया है। श्रद्धालु इस नंबर पर कॉल कर आवश्यक जानकारी ले पायेंगे। अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को मेडिकल चेकअप के दौरान सांस फूलना, सांस या फेफड़ों की बीमारी, रक्त विकार, उच्च रक्तचाप, अस्थमा, मिर्गी, नर्वस ब्रेक डाउन, स्ट्रोक, स्ट्रोक का इतिहास, कान से डिस्चार्ज, माउंटेन सिकनेस आदि की जानकारी डॉक्टरों के साथ साझा करनी होगी।

## रांची एसपी को मानवाधिकार आयोग का समन, 31 मई तक उपस्थित होने का निर्देश

### धुर्वा थाना के तत्कालीन प्रभारी पर होमगार्ड जवान से मारपीट का मामला

**वरीय संवाददाता, रांची।**

मानवाधिकार आयोग ने एक दरोगा के होमगाड्र्स के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने के एक मामले में रांची एसपी को समन भेजा है। जानकारी के अनुसार तत्कालीन धुर्वा थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी और होमगार्ड जवान कृष्णा यादव के साथ गाली-गलौज, मारपीट और फर्जी प्राथमिकी दर्ज करने के मामले में मानवाधिकार आयोग ने रांची एसपी को समन जारी किया है। आयोग ने एसपी को 31 मई तक उपस्थित होने का निर्देश दिया है। आयोग ने उनसे अब तक की कार्रवाई की रिपोर्ट भी मांगी है। इसकी जानकारी पुलिस महानिदेशक को भी दी गई है और आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है। यह जानकारी पीड़ित राजीव कुमार तिवारी ने सोमवार को दी। धुर्वा थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक नारायण सोरेन की ओर से कथित रूप से फर्जी प्राथमिकी दर्ज कराने के विरुद्ध राजीव कुमार तिवारी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सीआईडी एसपी को यह निर्देश दिया था कि आठ सप्ताह के अंदर कार्रवाई कर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को सूचित करें। राजीव कुमार तिवारी की ओर से उक्त घटना कि शिकायत प्रधानमंत्री से भी की गई थी। इस शिकायत पर कार्रवाई करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय के द्वारा झारखंड सरकार को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी : झारखंड में 24394 आवास नॉन स्टार्टर स्टेज पर

### डीएमए ने सभी निकायों को दिया जल्द से जल्द काम शुरू कराने का निर्देश

**वरीय संवाददाता, रांची।**

झारखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की स्थिति काफी खराब है। राज्य को 2015-16 में आवंटित हजारों आवास का निर्माण अब तक शुरू नहीं हुआ है। झारखंड में कुल 24394 आवास अभी भी नॉन स्टार्टर स्टेज पर हैं। इनमें से बीएलसी घटक के 10712 और एएचपी घटक के 13712 आवास शामिल हैं। लाभुकों ने आवास आवंटित होने और योजना की पहली किस्त की राशि मिलने के बाद भी अबतक काम शुरू नहीं किया है। केंद्र सरकार ने झारखंड को प्लान बनाकर योजनाबद्ध तरीके से इन आवासों को जल्द शुरू करने का निर्देश दिया है। इसी को लेकर सोमवार को नगरीय प्रशासन निदेशालय ने राज्य के सभी नगर निकायों के अधिकारियों के साथ बैठक की और जल्द से जल्द नॉन स्टार्टर आवासों का काम शुरू करने का निर्देश दिया।

**सभी निकायों के पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय**

डीएमए की ओर से सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। सभी सिटी मैनेजर्स को भी काम में तेजी लाने और लाभुकों तक पहुंचने का निर्देश दिया गया है। जिनका परफॉरमेंस खराब होगा उनका कॉन्ट्रैक्ट भी रद्द किया जा सकता है। एक बार फिर से लाभुकों के आवास का निर्माण शुरू करने और उसे 240 दिन में हर हाल में कंप्लीट करने को लेकर एग्रीमेंट किया जाएगा। एग्रीमेंट के बाद लाभुकों को 15 दिन में नींव खुदाई का काम शुरू करना होगा। इसके बाद 15 दिन में फाउंडेशन से प्लिंथ तक का काम कंप्लीट करना है। फिर प्लिंथ से लिंटन तक का काम और जियो टैगिंग 30 दिन में किया जाएगा। लिंटन से छत की ढलाई और जियो टैगिंग 120 दिन में करना है। आवास कंप्लीट होने के बाद रंग रोगन और जियो टैगिंग 60 दिन में करना है।

### अब सरकारी अधिकारियों पर साइबर फ्रॉड की नजर, डीसी ने की सतर्क रहने की अपील

## बीएलओ से मांगी जा रही है बैंक की डिटेल

**वरीय संवाददाता रांची।**

झारखंड की राजधानी रांची में साइबर अपराधी अब बूथ लेवल ऑफिसर से ठगी कर रहे हैं। साइबर अपराधियों द्वारा फ्रॉड कॉल कर बीएलओ से बैंक, एटीएम, आधार एवं ओटीपी से संबंधित जानकारी मांगी जा रही है। प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि उनके बैंक अकाउंट से पैसों की निकासी की जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी रांची राहुल कुमार सिन्हा ने सभी बीएलओ को सर्तक रहने के लिए कहा है। फ्रॉड कॉल करनेवालों से किसी प्रकार की जानकारी शेयर न करें। अगर साइबर अपराधियों द्वारा उनके बैंक खाता, आधार, पैन कार्ड से संबंधित जानकारी या बैंक खाते से पैसों की निकासी की जाती है, तो फौरन अपने एईआरओ या ईआरओ को लिखित में शिकायत करें। साााइबर अपराधियों द्वारा ठगी के लिए एनी डेस्क इंस्टॉल करने के लिए लिंक भी भेजा ज जा रहा है। लिंक पर क्लिक करने के बाद मोबाइल का एक्सेस साइबर अपराधी ठगी को अंजाम देते हैं।



### इन मोबाइल नंबर से रहें सावधान

साइबर अपराधियों द्वारा मोबाइल नंबर 9387599045, 9504347177, 9748107183, 9387599045, 7381446188, 8969119824 का इस्तेमाल किया जा रहा है। अगर आपको भी इन नंबरों से फोन आ रहा है तो सावधान रहें। जिला निर्वाचन कार्यालय का कर्मी और डाटा ऑपरेटर बता कर अपराधी बीएलओ से बैंक, एटीएम, आधार एवं ओटीपी मांग रहे हैं। बीएलओ ने सर्तकता दिखाते हुए फौरन संबंधित कार्यालय के कर्मचारी को कॉन्फ्रेंस कॉल में लिया, जिसके बाद साइबर अपराधी की पोल खुल गयी और वो अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाया।

## झारखंड में पारा हुआ 43 डिग्री के पार, 20 अप्रैल से बारिश की संभावना

**वरीय संवाददाता, रांची।**

राज्य भर में बढ़ती गर्मी से लोग परेशान है। हीट वेव का असर राज्यभर में देखा जा रहा है। जहां कुछ जिलों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से भी पार कर चुका है। वहीं, सुबह नौ बजे के बाद घर से निकलना लोगों के लिये दुभर हो गया है। गोड्डा का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 43।1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। चाईबासा, डाल्टेनगंज, जमशेदपुर में भी तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले दो तीन दिनों के दौरान तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि की संभावना है। इस दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। हालांकि दो दिनों तक तापमान में अधिक वृद्धि की संभावना नहीं व्यक्त की गयी है। विभाग की मानें तो 18 अप्रैल को मौसम साफ रहेगा। 19 अप्रैल को राज्य के कुछ हिस्सो में आंशिक बादल छाये रहेंगे। वहीं, 20 से 23 अप्रैल तक राज्य के अलग अलग हिस्सों में बारिश की संभावना है।

## ब्रीफ न्यूज

### झारखंड में पांव पसारने लगा कोरोना, पिछले 24 घंटे में 27 नए मरीज

**रांची :** झारखंड में कोरोना धीरे-धीरे पांव पसार रहा है। प्रदेश के 17 जिले अब तक इसकी गिरफ्त में आ चुके हैं। पिछले 24 घंटे में 27 नए मरीज सामने आए हैं। इसके बाद संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 166 पहुंच गई है। कई स्थानों पर मास्क लगा कर रहने की सलाह दी गई है। अस्पतालों में प्रवेश से पहले मास्क को एक बार फिर अनिवार्य कर दिया गया है। पिछले 24 घंटे में 908 लोगों के सैंपल की जांच की गई। इस जांच में 27 लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुी है। कोरोना संक्रमण के सबसे ज्यादा प्रकोप राजधानी रांची में हैं। रांची में 63 मरीज अस्पताल में हैं। पूर्वी सिंहभूम में 28 और देवघर में 14 मरीज उपचाराधीन हैं। पूर्वी सिंहभूम में पिछले 24 घंटे में 22, रांची में दो, सरायकेला में दो और कोडरमा में एक नया मरीज मिला है।

### ईद को लेकर झारखंड के कर्मचारियों को 20 अप्रैल से मिलेगा वेतन

**रांची :** झारखंड सरकार के कर्मचारियों राज्यपाल सचिवालय के कर्मचारियों , विधानसभा के अधिकारी कर्मी और उच्च न्यायालय के कर्मियों को ईद त्यौहार के मद्देनजर 20 अप्रैल से ही अप्रैल माह का वेतन मिलना शुरू हो जाएगा। राज सरकार के निर्देश के बाद वित्त विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया और सभी को साधारों को भी निर्देश दिया है।

### रिम्स सैंपल कलेक्शन सेंटर के बाहर मरीजों की लंबी कतार

**रांची :** रिम्स में सैंपल कलेक्शन सेंटर के बाहर सोमवार को मरीजों की लंबी कतार देखने मिली। कतार में लगे मरीजों ने बताया कि रिम्स में मरीजों को जांच कराना काफी मुश्किल है। रिम्स में जांच केंद्रों के लिए पर्ची कटवाने के सेंटर और सैंपल सेंटर की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। लोगों ने कहा कि बीजेपी और महागठबधंन की सरकार में रिम्स की व्यवस्था नहीं बदली। हर सरकार का दावा होता है कि वह मेडिकल सेटर को बेहतर करेंगे। यह सारी बातें सिर्फ चुनाव तक सीमित है।

### ट्रैक्टर चोरी कर भाग रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा देशी कट्टा भी बरामद

**रांची :** सुखदेव नगर पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी करने के आरोप में युवक निलेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। निलेश के खिलाफ रमेश कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस का है कि आरोपी ट्रैक्टर चोरी कर भाग रहा था। उसी वक्त रमेश कुमार की नजर पड़ गई। रमेश और अन्य लोगों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसके पास एक देशी कट्टा है। पुलिस ने आरोपी के घर से हथियार बरामद किया है।

### जमुना नगर में नियमित पानी सप्लाई न होने से लोग परेशान

**रांची :** जमुना नगर में नियमित पानी सप्लाई न होने से लोग परेशान है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के दस्तक के साथ ही सप्लाई पानी नियमित नहीं आ रहा है। रांची नगर निगम का टैंकर भी पर्याप्त मात्रा में सप्लाई नहीं की जा रही है। लोगों को दूर-दूर इलाकों से मजबूरन पानी लाना पड़ रहा है। शिकायत होने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24, Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# ग्राम जयपुर में शुक्रवार रात्रि आयोजित की गई वॉलीबॉल नाइट टूनार्मेंट

**औरंगाबाद।** नबीनगर प्रखंड के ग्राम जयपुर में मां काली क्लब जयपुर के तत्वाधान में बॉलीबॉल नाइट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन लोजपा के वरीय नेता रफीगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रमोद कुमार सिंह, प्रारंभिक शिक्षक संघ के नेता अशोक पांडेय, राजपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि काली सिंह, उपमुखिया मिथुन सिंह और पंचायत समिति सदस्य राजकुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन उपरांत राष्ट्रगान बजाया गया इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने उपस्थित खिलाड़ियों से हाथ मिला कर उनका अभिवादन किया हौसला बढ़ाया। टूनार्मेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया था। देर रात तक चले मैच में फाइनल में औरंगाबाद और औरंगाबाद (इंडोर) की टीम के बीच फाइनल मुकाबला हुआ जिसमें औरंगाबाद की टीम विजेता और औरंगाबाद (इंडूर) उपविजेता हुई। मैच में रेफरी की भूमिका हरिशंकर सिंह, बलराम सिंह, संतोष सिंह और दिवाकर सिंह ने किया। कमेंट्री का कार्य घनश्याम पांडे ने किया। मां काली क्लब के अध्यक्ष रोशन सिंह सचिव राजू



पांडेय और कोषाध्यक्ष कृष्णु कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि पूर्व में भी कई बार ग्राम जयपुर में वॉलीबॉल लाइट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रमोद कुमार सिंह ने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल आपसी प्रेमभाव सद्धावना का चीज है अभी से हमेशा आपसी प्रेम भाव के साथ खेलना चाहिए औरंगाबाद वॉलीबॉल के अध्यक्ष होने के नाते जल्द ही सभी प्रखंडों में वॉलीबॉल टूनार्मेंट का आयोजन करवाया जाएगा और ग्रामीण क्षेत्रों में जो छुपे प्रतिभा है उसको बाहर निकाला जाएगा। प्रारंभिक शिक्षक संघ के नेता अशोक पांडे ने बताया कि ग्राम जयपुर के तमाम सदस्यों ने इतना बढ़िया आयोजन करवाया है इसलिए आप सभी धन्यवाद के पात्र हैं उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलें। कमेटी के सदस्यों में युवराज सिंह, राहुल कुमार, विवेक पांडेय, राजन कुमार, रितिक सिंह, शांतनु, बंटी, सोनू, चीकू, हर्ष, निखिल, गोलू, अमन,भाग्यराज,विकाश के साथ साथ मैथ को सफल आयोजन में देर रात तक वहां पर उपस्थित अभिभावक अखिलेश्वर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सुदामा सिंह, राकेश सिंह, हरेंद्र सिंह, अभिनव सिंह, रामानुज सिंह, भानु सिंह सहित ग्रामीण के साथ-साथ सैकड़ों से ज्यादा अगल-बगल के ग्रामीण उपस्थित थे।

## जम्होर के सरस्वती शिशु मंदिर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में मान कुमारी बद्रीनारायण सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के प्रांगण में एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन विद्यालय के सचिव प्रेम कुमार सिंह कोषाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह एवं प्राचार्य परशुराम ओझा ने संयुक्त रूप से किया। स्वास्थ्य शिविर मैं सैकड़ों विद्यार्थियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया एवं रोगों से संबंधित औषधियों की पर्ची भी मिल गई ।जिससे वे औषधि के सेवन कर लाभान्वित हो सके। साथ ही साथ सलाह भी दी गई कि वे स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें एवं पढ़ाई के साथ साथ योगासन के लिए समय निकालें। लोगों ने यह भी कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। स्वास्थ्य के आयोजन को लेकर विद्यार्थियों मैं उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्वास्थ्य शिविर के मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी उपस्थित थी। चिकित्सक के रूप में डा रचना एवं डॉ धर्मेंद्र कुमार की गरिमामई उपस्थिति रही।

# रक्तसेवा के लिए बमेंद्र को मधुबनी में मिला अखण्ड भारत सेवा सम्मान

**औरंगाबाद।** रक्तसेवा के प्रति समर्पित औरंगाबाद क्षत्रिय नगर निवासी बमेंद्र कुमार सिंह को बिहार के झंझारपुर,मधुबनी में राष्ट्रीय सम्मान अखण्ड भारत सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।सम्राट अशोक रक्तसेवा समिति मधुबनी द्वारा झंझारपुर में रक्तदान क्षेत्र में सेवा दे रहे देश के भिन्न भिन्न प्रदेशों के रक्तसेवको को सम्मानित किया गया।इस राष्ट्रीय सम्मान समारोह में बिहार के सभी जिलों के रक्तसेवकों सहित झारखंड ,पंजाब, राजस्थान,मध्य प्रदेश,उत्तर प्रदेश,हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र,उत्तराखंड, हरियाणा,दिल्ली,पश्चिम बंगाल ,ओडिसा, आसाम,चंडीगढ़,गुजरात इत्यादि राज्यों के सौ से अधिक रक्तसेवकों को सम्मानित किया गया।सम्राट अशोक जयंती के अवसर पर मधुबनी के झंझारपुर में सम्राट अशोक रक्तसेवा समिति द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। बिहार सहित कई प्रदेशों में बमेंद्र ने रक्तदान के प्रति अलख जगाई है।युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक कर रक्तदान कराना इनका जुनून



है।पिछले आठ सालों से रक्तदान क्षेत्र में अपना जीवन समर्पित करने वाले बमेंद्रआज युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं।रक्तदान को एक परंपरा बनाने का इनका प्रयास रहा है और हर पर्व त्योहार, जन्मदिन,शादी के सालगिरह इत्यादि मौके पर रक्तदान शिविर आयोजित कर समाज के लिए एक प्रेरणा बन गए हैं।रक्तदान सेवा और जागरूकता के लिए बमेंद्र को पंचायत से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अबतक सैकड़ों सम्मान मिल चुके हैं।सम्राट अशोक रक्तसेवा समिति के आचार्य ललित शास्त्री द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा करनाल के 233 बार रक्तदान करने वाले कैप्टन डॉ सुरेश सैनी,लुधियाना के शतक रक्तवीर एडवोकेट गोपाल सिंह पूर्वा,वाराणसी के शतक रक्तवीर सत्यप्रकाश आर्या,पालनपुर गुजरात के शतक रक्तवीर भूपेंद्र देवे सहित कई प्रदेशों के रक्त योद्धा इस कार्यक्रम में शामिल थे।

## विदेशों में अपना परचम लहरा रहे हैं बिहारवासी



**औरंगाबाद।** बिहार हर जगह अपना परचम लहरा रहे हैं और यूएई भी इस से अछूता नहीं है, वहाँ भी बिहार के लोग विभिन्न संस्थानों में ऊँचे-ऊँचे पदों पे अपना योगदान दे रहें हैं। उल्लेखनिये है कि आबूधाबी में बिहारियों की एक सामाजिक संस्था (बिहार समाज) है जिसकी जानकारी हमें नौगढ़ (औरंगाबाद) के विवेक कुमार से प्राप्त हुई। ये संस्था आबूधाबी के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपना भरपूर सहयोग देती रहती है। ज्ञात हो की विवेक कुमार औरंगाबाद के जाने माने पूर्व समाजसेवी स्व- दुर्गा सिंह के पोते और देवी नंदन सिंह (अधिवक्ता) के छोटे पुत्र हैं जो आबूधाबी की एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत हैं।

# ड्रग के दुष्प्रभाव के प्रचार प्रसार अति आवश्यक

**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के बैनर तले मध्य विद्यालय सीहुडी बेल ओबरा में एक विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं से सम्बंधित नालसा योजना 2015 विषय की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला पैनल अधिवक्ता चंद्रकांता कुमारी ने किया और संचालन पारा विधिक स्वयं सेवक आलोक कुमार मिश्रा ने किया। पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि ड्रग्स के दुष्प्रयोग से समाज में अपराधियों का निर्माण होता है और अशांत वातावरण का भय ब्याप्त होता है। ऐसी स्थिति से समाज को बचाने का दायित्व सभी समाजसेवीयो का है हमें विधालय, महाविद्यालय, किसान, कैदियों, लावारिश बच्चों आम जनता के बीच ड्रग्स सेवन के दुष्प्रभाव का प्रचार प्रसार करना है। इस में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया का अद्बितीय




सहयोग रहा है, हमें प्रचार प्रसार में बैनर पोस्टर पर्चा, प्रश्नोत्तरी, निबंध,लेखन, नुक्कड़ नाटक करना है जिसमें सरकारी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधि, पुलिस, दवा विक्रेताओं, डाक्टर और सम्बंधित एनजीओ से सहयोग लेकर इससे संबंधित नालसा योजना 2015 को अपने अपने जिले में सफल बनाना है, नशों के लत और नशा के दुष्प्रयोग से खतरा के प्रति निर्दोष बच्चों, नवबालको , नवयुवक और महिलाओं को जागरूक करना है,नशा के दुष्प्रभाव, शारीरिक और मानसिक पीड़ा, आर्थिक और समाजिक क्षति खुलकर बताना चाहिए पीड़ितों को पहचान, उपचार, नशामुक्ति के पश्चात पूनार्वास तथा ड्रग्स तस्करी और ड्रग्स दुष्प्रयोग से पीड़ितों को आवश्यक विधिक सेवाएं सुनिश्चित करना, इस अवसर पर सीता देवी, संगीता कुमारी,गुडु ,राजू,रहमत शाह , रिजवान शाह सहित अन्य उपस्थित थे।

# घर घर जाकर ठंडा पानी पहुँचा रहे है समाजसेवी सल्लू खान

**औरंगाबाद।** बेतहाशा गर्मी में जिला एवं शहरी के लोग पानी संकट से जूझ रहे इस समस्या को देखते हुए कांग्रेसी नेता मोहम्मद शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान उनके साथ अन्य लोगों ने रविवार को कड़ाके की धूप में समस्या ग्रस्त वार्ड निशुल्क पिकअप वाहन से आरो का ठंडा पानी अपने माथे पर लादकर घर घर जाकर ठंडा पानी पहुंचाया लोगों को काफी राहत मिला। कांग्रेसी नेता सल्लू खान ने कहा कि पिछले 2 दिन पूर्व से चौक चौराहे पर जिला के भी घर घर जाकर ठंडा पानी पहुंचाया हूं। सानीवार का तापमान डिग्री सेल्सियस 44 गर्मी तापमान है।स्थिति यह है कि पानी के अभाव में नागरिक शहर छोड़ रहे हैं पाने के लिए सभी मोहल्ले में हंगामा मचाए हुए हैं 120 फीट की गहराई वाले हैंड पाइप बेकार पड़े हैं हालात बदतर होते जा रहे हैं परंतु स्थिति यह है कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग और नगर परिषद चुपचाप बैठा है कई मोहल्ले में बाल्टी भर पानी के लिए नागरिक हर जगह करते हैं शहर के कहीं ऐसा मोहल्ला है स्थिति अत्यंत गंभीर है शहर में पानी की सप्लाई के लिए दोनों विभाग ने टैंकर से बटवा ना मुनासिब न समझा। करोड़ों की लागत



से भारतीय तपिश ने स्थानीय ठेकेदारों के द्वारा नल जल योजना में हुए घोटाले का पोल फ्लॉप है जिले में बिहार सरकार का महत्वकांक्षी नल जल योजना शहर में 500 सौ से अधिक लगभग हैंड पाइप लगे हैं परंतु सभी हैंड पाइप खराब पड़े हैं सिर्फ कुछ ही हैंड पाइप लोगों को पानी दे रहा है हैंड पाइप से नागरिकों को पानी नहीं मिल रहा है हालात बदतर होते जा रहे हैं परंतु नगर परिषद की नींद नहीं खुल रही है कांग्रेसी नेता सल्लू खान ने कहा कि श्री सीमेंट फैक्ट्री के कारण जल स्तर नीचे चला गया है फैक्ट्री परिसर में 30 से अधिक बोरिंग कराई गई है परंतु तत्कालीन डीएम द्वारा कराई गई जांच में सिर्फ चार बोरिंग का मामला प्रकाश में आया था लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी शहर में पानी की स्थिति पर किसी लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कल पालक अभियंता शहर में पानी की स्थिति पर पल्ला झाड़ ले रहे हैं कहते हैं कि शहर में प्यास बुझाना की जिम्मेदारी नगर परिषद को है। सल्लू खान ने कहा कि शहर और गांव में पानी की स्थिति गंभीर है परंतु कोई सुनता नहीं है विभाग के पास प्यास बुझाने क्या योजना है।घर-घर पानी पहुंचाने वाले जफर खान मोहम्मद खलील, रंजन कुमार, प्रकाश कुमार, मोहम्मद रमजान, मोहम्मद कैफ, पंकज कुमार, दानिश खान, मोहम्मद राशिद, वरिंदर कुमार ,मोहम्मद शाहिद, गुलशन कुमार आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त -समाचार

## देश के लोगों की लगातार बढ़ रही क्रयशक्ति : नंदकिशोर

**पटना** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश समृद्धि की राह पर चल रहा है। लोग खुशहाल हैं और अमन-चैन के साथ जीवन बसर कर रहे हैं। श्री यादव ने रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि देश में विवेकपूर्ण व्यय में तेजी आयी है। विवेक पूर्ण खर्च वह है, जो अपने हित और बेहतर भविष्य के लिए किया जाता है। श्री यादव ने कहा कि विवेकाधीन व्यय बढ़ने के कारण मार्च 2023 में क्रेडिट कार्ड से व्यय 1.37 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़ों के अनुसार लगातार 13वें महीने क्रेडिट कार्ड से खर्च एक लाख करोड़ रुपए से ऊपर है। जिससे महामारी के बाद लोगों की क्रयशक्ति में वृद्धि के संकेत मिलते हैं। 2022- 23 के लिए क्रेडिट कार्ड से व्यय वित्तीय वर्ष 2022 में 9.71 लाख करोड़ रुपये से 47.27 प्रतिशत बढ़कर 14 लाख करोड़ हो गया। श्री यादव ने कहा कि देश के लोगों की क्रयशक्ति में वृद्धि होना इंगित करता है कि देश में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हो रही है और देश की अर्थव्यवस्था तेज रफ्तार से आगे बढ़ रही है।

## बाबा साहब सेमिनार सह सम्मान समारोह का आयोजन



**औरंगाबाद।** दाउदनगर में गया रोड स्थित अवधेश प्रसाद नर्सिंग कैरियर इंस्टिट्यूट में डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती के अवसर पर बाबा साहब सेमिनार सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का आयोजन भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री संजय मेहता ने किया इसकी अध्यक्षता कृष्णा कोचिंग इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर मदन कुमार गुप्ता जी ने किया इसका सफल संचालन दिवाकर कुमार जी ने किया। इस सेमिनार में सैकड़ों छात्र छात्राओं को बाबा साहब की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम को व्यवस्थित करने में संस्था के व्यवस्थापक जितेंद्र कुशवाहा जी ने 12वीं पास एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बच्चों के घर घर जाकर बच्चों को आमंत्रित किया इस सेमिनार में दर्जनों प्राइवेट शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर एवं शिक्षक मौजूद रहे वही इस सेमिनार में मुख्य अतिथि के रुप में शिक्षाविद अरविंद कुमार जी बच्चों को नर्सिंग के क्षेत्र में अपना बेहतर कैरियर बनाकर अपने भविष्य को उज्जवल बनाने की दिशा में विस्तार पूर्वक मार्गदर्शन दिए वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यूटन कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर डॉ एसपी सुमन सर ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए नर्सिंग का क्षेत्र बहुत ही कारगर एवं सुरक्षित है इस क्षेत्र में नौकरी के साथ-साथ सामाजिक सेवा का भी लाभ मिलता है अभ्यार्थी को सम्मान के साथ अपनी ड्यूटी तो अपना कर्तव्य निभाने में गौरव महसूस होता है उन्होंने कहा कि नर्सिंग के क्षेत्र में आपकी हुनर आपकी काबिलियत आपको कभी रिटायर नहीं होने देगी वही कार्यक्रम के आयोजक भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष श्री संजय मेहता ने कहा कि आपके शहर दाउदनगर में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू हो चुकी है इसका आप सब लोगों को लाभ लेना चाहिए हम कोशिश करेंगे आपको कम से कम शुल्क पर आपकी बेहतर शिक्षा दे सकें उन्होंने कहा कि हमारे यहां जो छात्र नर्सिंग की पढ़ाई करेंगे उनका बेहतर कैरियर साबित होगा उनके लिए राज्य सरकार में नौकरी पक्की रहेगी हम अपने छात्र छात्राओं को अपने अनुभवी एवं कुशल शिक्षकों के द्वारा इस प्रकार तैयार करते हैं कि उन्हें नौकरी के लिए दर-दर भटकना नहीं पड़ता है नरसिं पास विद्यार्थी के लिए यहां से 100% प्लेसमेंट की गरांटटी रहती है उन्होंने कहा कि हमारी टीम के द्वारा यह अभियान है हमारे क्षेत्र के 12वीं पास सभी छात्र छात्राएं देश के किसी भी राज्य में इंडियन नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त कॉलेज में अपनी सुविधा अनुसार नामांकन करा कर इस कोर्स को पूरा करें। इस संस्था के प्राचार्य रंजीत कुमावत जी ने कहा कि नरसिंह के क्षेत्र में जो भी बहाली बिहार सरकार द्वारा निकाली जाती है

## जहरीली शराब से मौत पर सरकार देगी मुआवजा



जहरीली शराब से मरने वालों के परिजनों को सरकार मुआवजा देने जा रही। ये ऐलान खुद सीएम नीतीश ने किया है। सीएम ने कहा कि 2016 से लेकर अब तक सभी मृतकों का रिकॉड निकाला जा रहा। जिसके अनुसार सरकार उनके परिजनों को मुआवजा देगी। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने बैठकर तय किया है कि अब सीएम आपदा राहत कोष से सभी को मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए हमने अधिकारी और पार्टी के नेताओं के साथ बैठक कर ली है। सीएम ने कहा कि बिहार में लाख कोशिश के बावजूद जहरीली शराब से मौत हो रही। काफी प्रयास के बाद भी यह हो रहा। सामान्य और गरीब तबके के लोग शराब पी लेते है। हमने कहा है कि अब तक जिस परिवार का कोई मरा है। साफ तौर पर मरा है। हमारे परिवार के लोग थे। कहां से पीए है। लिखित तौर पर भेज दे। डीएम के पास भेजे। जिसका भी मौत हुआ है। कौन गड़बड़ किया है। परिवार भी बता दे कि हम सब शराबबंदी के पक्ष में है। शराब नहीं प्रेरित करने की बात कहे। सीएम रिलिफ फंड से मदद करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मोतिहारी में जहरीली शराब में मरे लोगो की मौत के परिजनों को मुआवजा देगी। 2016 से अब तक कितनी मौत हुई है। इसकी समीक्षा की जाएगी। मृतकों के परिजनों को चार लाख रुपए की राशि दी जायेंगी। मैने मदद का आश्वासन दिया है। जहरीली शराब पीए मरीजों को गिरफ्तार नहीं किया जाता है।उसका इलाज किया जाता है।गलत करने वाले की सजा का प्रावधान है।हमने हमेशा कहा है कि शराब बहुत बुरी चीज है। इसके बाद अपने बिहार में शराब पी रहें है यूपी में दिनदहाड़े अतीक की हत्या पर नीतीश कुमार ने कहा कि ये प्रेस वाले है। ये ऐसा नहीं कर सकते है।

## मास्क से शिकायत

कोरोना संक्रमण के तेज होते ही मास्क की वापसी हो जाती है। दुनिया में एक बड़े समूह ने तो मास्क को अपने व्यवहार में शामिल कर लिया है, लेकिन क्या मास्क सेहत के मुफीद है? मास्क पहनने के प्रतिकूल प्रभावों पर गौर करने वाले 2,168 अध्ययनों की एक व्यवस्थित समीक्षा में पाया गया है कि मास्क से खुजली, सिरदर्द और ऑक्सीजन के कमी सहित अनेक नकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम सामने आए हैं। फ्रंटियर्स इन पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित समीक्षा में बताया गया है कि मेडिकल सर्जिकल और एन95 मास्क, दोनों में महत्वपूर्ण प्रभाव हुआ है। कई अध्ययनों के मेटा-विश्लेषण में पाया गया कि सिरदर्द मास्क पहनने वालों के बीच सबसे ज्यादा पाया जाने वाला लक्षण है। सामान्य मास्क के उपयोग से सिरदर्द की 62 प्रतिशत आशंका और एन95 मास्क के उपयोग से 70 प्रतिशत आशंका होती है। सामान्य मास्क के उपयोग से 33 प्रतिशत और एन95 के उपयोग से 37 प्रतिशत लोगों में सांस की तकलीफ देखी गई है। 17 प्रतिशत सर्जिकल मास्क पहनने वालों ने खुजली का अनुभव किया है। जो लोग एन95 पहन रहे थे, उनमें से 51 प्रतिशत को खुजली की शिकायत से गुजरना पड़ा। इतना ही नहीं, मास्क की वजह से मुंहासे की समस्या भी बढ़ी है। 38 फीसदी लोग मुंहासे के शिकार हुए हैं, तो 36 प्रतिशत लोगों को मास्क पहनने की वजह से त्वचा में जलन महसूस हुई है। सबसे गंभीर बात तो यह कि पांच प्रतिशत लोगों को मास्क पहनने की वजह से चक्कर आया है। जिन लोगों ने मास्क का ज्यादा उपयोग किया है, उन्हें ज्यादा परेशानी हुई है और नुकसान भी। जिन लोगों ने समय-समय पर इसका इस्तेमाल किया है, वे ज्यादा फायदे में रहे हैं। इससे एक नतीजा यह निकलता है कि भीड़ में ज्यादा रहने से बचना कोरोना या किसी संक्रमण से बचने का एक बेहतर उपाय हो सकता है। जहां भीड़ नहीं है, वहां मास्क से कुछ देर के लिए समझौता किया जा सकता है, इससे सेहत को भी लाभ है। अध्ययन से यह भी पता चला है कि मास्क पहनने से बहुत से लोगों में थकावट का एहसास बढ़ा है। हालांकि, यहां भी मास्क उन लोगों के लिए ज्यादा नुकसानदायक रहे हैं, जो पहले से ही किसी बीमारी की वजह से कमजोर हैं। मास्क के इस्तेमाल से ऑक्सीजन ग्रहण करने में बाधा हुई है और साथ ही कार्बन डाई-ऑक्साइड के निकलने में रुकावट भी हुई है। सांस के प्रदूषित होने की वजह से भी बीमारियों को बढ़ावा मिलता है। समीक्षा में यह भी कहा गया है कि हो सकता है, मास्क से जुड़े कई लक्षणों को लॉन्ग कोविड के लक्षणों के तौर पर गलत ढंग से समझा गया हो। समीक्षा में यह सुझाव भी दिया गया है कि वायरल संक्रमण के खिलाफ मास्क की प्रभावशीलता को ध्यान में रखते हुए ही दुष्प्रभावों का आकलन किया जाना चाहिए। यह समीक्षा मास्क के विरुद्ध एक बड़ा मामला खड़ा कर देती है। मास्क पर विश्वास हिलने लगता है, लेकिन तब भी यह कहने में कोई हर्ज नहीं है कि कई मामलों में मास्क ने हमारा बचाव किया है। क्या यह सही नहीं है कि वैज्ञानिक और डॉक्टर दशकों से मास्क का उपयोग कर रहे हैं?

## सेहत का सवाल

तंबाकू और पान-मसाला की बिक्री को लेकर एक याचिका की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणी की, उसे इस मसले पर सरकारों की इच्छाशक्ति को आईना दिखाना माना जा सकता है। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जहां तंबाकू के सेवन से गंभीर रोग होने की जानकारी देने और इस खतरनाक पदार्थ का सेवन छोड़ने का संदेश देने वाले विज्ञापनों के जरिए आम लोगों को सचेत और जागरूक किया जाता है, वहीं रोजमर्रा की जिंदगी में स्वास्थ्य के लिए घातक साबित होने वाली चीजों की सरेआम बिक्री चलती रहती है। इसी मुद्दे पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने साफ लहजे में कहा कि गुटखा बेचना कोई अमृत बेचना नहीं है; इस पर स्थायी तौर पर पाबंदी क्यों नहीं लगाई जाती? जाहिर है, अदालत ने एक तरह से यह बुनियादी सवाल उठाया है कि अगर सरकार यह मानती है कि गुटखा या तंबाकू उत्पादों से लोगों की सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचता है तो इसके उत्पादन और बिक्री को लेकर कोई ठोस नियमन क्यों नहीं है। यह विरोधाभास ही है कि एक ओर देश भर में लोगों की सेहत को सुरक्षित बनाने के लिए सरकार की ओर से सख्त नियम-कायदे लागू किए जाते हैं और उन पर अमल सुनिश्चित कराया जाता है, दूसरी ओर रोजमर्रा की जिंदगी में स्वास्थ्य के लिए खतरा साबित होने वाली चीजों की बिक्री को लेकर लापरवाही का आलम कायम रहता है। गौरतलब है कि तमिलनाडु में मद्रास उच्च न्यायालय ने राज्य के खाद्य सुरक्षा आयुक्त की 2018 की उस अधिसूचना को रद्द कर दिया था, जिसके जरिए गुटखा और अन्य तंबाकू आधारित उत्पादों की बिक्री, निर्माण और माल ढुलाई पर रोक लगाई गई थी। हाई कोर्ट के उसी आदेश के खिलाफ तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सही है कि तमिलनाडु सरकार आम लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले इन पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने की कोशिश की, लेकिन ऐसे नियम क्यों होते हैं कि हर अगले साल नए सिरे से उनके लिए अधिसूचना जारी करनी पड़ती है? इस सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने सही ही पूछा कि हर साल ऐसी अधिसूचना जारी करने के बजाय स्थायी रूप से इस पर पाबंदी क्यों नहीं लगाई जाती! लेकिन तमिलनाडु सरकार की ओर से इसका विचित्र जवाब यह दिया गया कि निमार्ता कंपनियां पान-मसाला और तंबाकू अलग-अलग पाउच में बेचती हैं, इसलिए इस पर स्थायी पाबंदी नहीं लगाया जा सकता है।

# अपराध के चरम का अंत

**विश्लेषण**



प्रमोद भार्गव

**हत्यारे कानून व्यवस्था से इतने निश्चित रहते हैं कि चेहरे को ढकने के बजाय खुला रखते हैं, जिससे उनका खौफ कायम रहे कि वह कौन हैं ? झांसी में पुलिस मुठभेड़ में ये हत्यारे मारे जाते हैं। इनमें से एक अतीक का लड़का असद और दूसरा गुलाम मोहम्मद था। चूंकि उमेशपाल की हत्या के समय इन्होंने चेहरे पर आवरण नहीं डाला था, इसलिए इनकी पहचान में कोई संदेह नहीं था। उमेश पाल, विधायक राजूपाल की हत्या के प्रकरण में अतीक के विरुद्ध एक वकील के रूप में निडर होकर अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। अदालत में यह पैरवी अहमदाबाद की साबरमती जेल में बंद अतीक और बरेली की जेल में बंद उसके भाई अशरफ को नागवार गुजर रही थी। नतीजतन इन दोनों ने जेल में बैठे-बैठे ही उमेश पाल की हत्या का वारंट निकाल दिया। जब न्याय व्यवस्था के संवैधानिक अंग पुलिस, न्यायालय और वकील कानून के राज को अंजाम तक पहुंचाने में विफल दिखे तो तीन युवकों ने अतीक और अशरफ का काम तमाम कर दिया।**

जब किसी कुख्यात और उसके कुनबे के अपराधों पर कानून के राज की व्यवस्था शून्य हो जाए, तब कुदरत उसके अंत की रचना रचती है। अतीक अहमद के अंत की कहानी यही कह रही है। ऐसे अपराधियों को जब संवैधानिक-राजनीतिक सुरक्षा कवच मिल जाए तो अपराध की भूमिका उनके राजनीतिक और आर्थिक साम्राज्य के विस्तार का कारण बनते जाते हैं। यह सिलसिला तब और निष्ठुर एवं हिंसक हो जाता है, जब पुलिस तो पुलिस अदालत के न्यायाधीश भी ऐसे दुर्दांत के मामले की सुनवाई से इनकार कर दें और राजनेता व राजनीतिक दल संरक्षण देने लग जाएं ? इसीलिए अतीक बेखौफ होकर प्रयागराज में 24 फरवरी 2023 को उमेश पाल समेत दो पुलिसकर्मियों की सरेआम हत्या करा देता है।

हत्यारे कानून व्यवस्था से इतने निश्चित रहते हैं कि चेहरे को ढकने के बजाय खुला रखते हैं, जिससे उनका खौफ कायम रहे कि वह कौन हैं ? झांसी में पुलिस मुठभेड़ में ये हत्यारे मारे जाते हैं। इनमें से एक अतीक का लड़का असद और दूसरा गुलाम मोहम्मद था। चूंकि उमेशपाल की हत्या के समय इन्होंने चेहरे पर आवरण नहीं डाला था, इसलिए इनकी पहचान में कोई संदेह नहीं था। उमेश पाल, विधायक राजूपाल की हत्या के प्रकरण में अतीक के विरुद्ध एक वकील के रूप में निडर होकर अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। अदालत में यह पैरवी अहमदाबाद की साबरमती जेल में बंद अतीक और बरेली की जेल में बंद उसके भाई अशरफ को नागवार गुजर रही थी। नतीजतन इन दोनों ने जेल में बैठे-बैठे ही उमेश पाल



की हत्या का वारंट निकाल दिया। जब न्याय व्यवस्था के संवैधानिक अंग पुलिस, न्यायालय और वकील कानून के राज को अंजाम तक पहुंचाने में विफल दिखे तो तीन युवकों ने अतीक और अशरफ का काम तमाम कर दिया।

करीब पचास साल पहले इलाहबाद (प्रयागराज) के फिरोज तांगे वाले के बेटे (अतीक) ने 17 साल की उम्र में जयराम की हत्या कर खून की इबारत लिखनी शुरू कर दी थी। बस फिर क्या था। इसके बाद उसके अपराध की दुनिया रंगदारी, अवैध वसूली और जमीन व मकान हड़पने के धंधे में बदलती चली गई। कुछ ही समय में उसका आतंक समूचे इलाहबाद और आसपास के क्षेत्र में फैलने लग गया। हालांकि इस समय चांद बाबा की तूती बोलती थी। देखते-देखते अतीक ने चांद बाबा के वर्चस्व को नेस्तनाबूत कर दिया। फिर खादी पहनकर नेता का स्वांग धारण कर लिया। परंतु अपराध से नाता नहीं तोड़ा। उस अकेले पर 101 से ज्यादा मामले विभिन्न अदालतों में विचाराधीन हो गए। अशरफ पर भी पचास से ज्यादा एफआईआर दर्ज हैं।

अतीक अहमद 1989 में इलाहबाद की पश्चिमी विधानसभा सीट से चांद बाबा के विरुद्ध निर्दलीय चुनाव लड़ा। धन व बाहुबल के बूते जीत भी हासिल कर ली। इस जीत के कुछ महीनों बाद ही चांद बाबा की हत्या हो गई। इसके बाद अतीक के आतंक का ऐसा परचम फहरा कि उसके विरुद्ध चुनाव लड़ने से सभी दलों के नेता कन्नी काटने लगे। 1991 और 1993 में भी वह निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीता। समाजवादी पार्टी की वर्चस्व स्थापना के बाद अपराधियों का सपा में शामिल होने का सिलसिला शुरू हो गया। लिहाजा 1996 में अतीक चौथी बार सपा से विधायक बना। लेकिन किसी भी दल का वह सगा नहीं रहा। 2002 में वह अपना दल के टिकट पर चुनाव जीता और फिर 2004 में फूलपुर लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर संसद के पवित्र मंदिर में भी दाखिल हो गया।

25 जनवरी 2005 को बसपा विधायक राजू पाल पर अतीक ने दिनदहाड़े सड़क पर दौड़ा दौड़ा कर गोलियां बरसाईं। जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो वहां इसलिए ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई गईं कहीं राजू जिंदा न बच जाए। राजू पाल की पत्नी पूजा पाल ने अतीक और अशरफ समेत नौ लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई । इसी मामले की पैरवी का दुस्साहस अधिवक्ता उमेश पाल कर रहे थे। इस मामले में वह चश्मदीद गवाह भी थे। उमेश को धमकाया गया। अपहरण करने की कोशिश भी की गई। लेकिन उमेश ने हिम्मत नहीं हारी और जिला अदालत से लेकर उच्च व उच्चतम न्यायालय तक मामले को ले गए। आखिरकार राजू पाल की हत्या के 12 साल बाद सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआई जांच के आदेश दिए। सीबीआई ने गंभीर पड़ताल के बाद अतीक, अशरफ समेत 18 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। उमेश की निरंतर सर्तकता और पैरवी के चलते इलाहबाद हाई कोर्ट ने दो माह के भीतर राजू पाल हत्याकांड की सुनवाई पूरी करने का आदेश निचली अदालत को दिया। सुनवाई शुरू होने से पहले ही 24 फरवरी 2023 को पुलिस सुरक्षा में उमेश पाल की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। सुरक्षा में लगे दो पुलिसकर्मियों को भी प्राण गंवाने पड़े। इस माफिया के तार पाकिस्तान और कई आतंकी संगठनों से जुड़े बताए जा रहे हैं। एटीएस और एएनआई भी अतीक से लंबी पूछताछ में लगी थी। इसने 1168 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति बना ली थी, जिसे योगी सरकार ने इसकी मौत से पहले ही मुक्त करा चुकी है।

न्यायिक सिद्धांत का तकाजा तो यही है कि एक तो अपराधी को समय पर ऐसी सजा मिले, जो फरियादी को न्याय लगे ? लेकिन दुर्भाग्य से अतीक और उसके गिरोह को न तो समय पर सजा मिल पाई और न ही धन-संपत्ति कमाने की उसकी हवस पर अंकुश लग पाया। बल्कि इसके उलट वह पांच बार विधायक और एक बार सांसद बनकर अपराधी होने के बावजूद कानून के दायरे से बाहर रहा। जब ऐसे लोग निर्वाचित प्रतिनिधि बन जाते हैं तो इनकी अनैतिक महत्वाकांक्षाएं और परवान चढ़ने लगती हैं। अपनी राजनीतिक इस छवि को ये दानदाता बनकर और अधिक भुनाने में लग जाते हैं। अतैव अपनी जाति और धर्म के गरीब लोगों की धर्म के नाम पर मदद कर फरिश्ते की श्रेणी में आ जाते हैं। ऐसे ही उपकृत लोग इनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए इनकी जीत में निरंतर भागीदार बने रहते हैं। यह स्थिति न्याय व्यवस्था पर भरोसा करने के बजाय, उसे खूंटी पर टांग देने का काम करती है। अतीक के साथ यही हुआ और वह क्षेत्रीय खतरे के साथ पाकिस्तानी आतंकवादियों से हाथ मिलाकर राष्ट्रीय खतरे की जद में भी आता जा रहा था। जिन तीन युवकों ने अतीक का अंत किया, संभवतः वे भी इसकी मार से आहत थे। इसलिए उन्होंने मौका पाकर अतीक और अशरफ का खुलेआम वैसे ही अंत को अंजाम दिया, जैसा करने का यह लोग जाने जाते थे। प्रतिशोध के मनोविज्ञान की यही मानसिकता होती है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# शिक्षा में सृजनात्मकता को अवसर दिया जाए

**बगैर सृजनात्मकता के शिक्षा अर्थहीन होगी और सृजनात्मकता के विकास के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण का अवसर भी जरूरी होता है। इसलिए शिक्षा की सार्थकता के लिए उसका रचनात्मक और सृजनात्मकता होना ही चाहिए । किंतु जब हम शिक्षा-व्यवस्था में सृजनात्मकता की जगह तलाशते हैं तो विफलता ही हाथ लगती है। रटना और उसे परीक्षा में पुनरुत्पादित कर देना ही शिक्षा का परम लक्ष्य बन चुका है। इस दृष्टि से सोचने पर आज की औपचारिक शिक्षा की वास्तविकता पर विचार चिंता पैदा करने वाला होता जा रहा है।**

औपचारिक शिक्षा और सृजनात्मकता के आपसी सम्बन्ध समाज के वर्तमान और भविष्य के निर्माण के साथ गहनता से जुड़े हुए हैं । शिक्षा में सृजनात्मकता कितनी बची रहेगी और समाहित होगी इस बात पर देश का ही नहीं बल्कि सारी मनुष्यता का भविष्य निर्भर करता है। शिक्षा सृजनात्मकता के साथ शब्द और अर्थ की ही तरह आपस में जुड़ी हुई है । जैसे शब्द और अर्थ एक दूसरे से संपृक्त होते हैं, एक के बिना दूसरे का कोई मूल्य या उपयोगिता नहीं होती, ठीक वैसी ही शिक्षा और सृजनात्मकता भी एक दूसरे से जुड़े और अन्योन्याश्रित होते हैं। बगैर सृजनात्मकता के शिक्षा अर्थहीन होगी और सृजनात्मकता के विकास के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण का अवसर भी जरूरी होता है। इसलिए शिक्षा की सार्थकता के लिए उसका रचनात्मक और सृजनात्मकता होना ही चाहिए । किंतु जब हम शिक्षा-व्यवस्था में सृजनात्मकता की जगह तलाशते हैं तो विफलता ही हाथ लगती है। रटना और उसे परीक्षा में पुनरुत्पादित कर देना ही शिक्षा का परम लक्ष्य बन चुका है। इस दृष्टि से सोचने पर आज की औपचारिक शिक्षा की वास्तविकता पर विचार चिंता पैदा करने वाला होता जा रहा है। तथ्य यही है कि शिक्षा और सृजनात्मकता के बीच की कड़ी सामान्य शिक्षा केंद्रों में बहुत क्षीण अथवा कमजोर होती जा रही है। हम जो शिक्षा व्यवस्था देख रहे हैं, जिसमें जी रहे हैं उसमें ज्यादातर जगहों पर सृजनात्मकता का कोई अंश ढूँढे नहीं मिल रहा है। यह अलग बात है और जिस पर गौर किया जाना चाहिए कि तो भारत और अन्यत्र भी रचनाशील लोगों को औपचारिक शिक्षा कोअक्सर रास नहीं आती है। ऐसे लोगों ने बीच में ही छोड़ दिया जिनके भीतर तीव्र रचनात्मकता थी। उनको स्कूली व्यवस्था रास नहीं आयी। ऐसा इसलिए था क्योंकि औपचारिक शिक्षा व्यवस्था एक औपनिवेशिक दृष्टि की उपज थी । इस तथ्य से भी कोई इनकार नहीं कर सकता कि इस शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य अंग्रेजी राज के लिए बाबू यानी क्लर्क तैयार करना था। इसलिए सबसे पहले आत्मबोध को खंडित किया गया और धीरे-धीरे उसे विस्मृति के अंधे कुएं में डाल दिया गया। जिसका परिणाम है कि किसी चीज अथवा प्रत्यय का भारतीय होना हीन माना जाने लगा। यहां तक कि जब तक विदेश की मुहर न लग जाए तबतक उसे स्वीकार न करने का ही चलन बन गया। हमारे मन में 'भारतीय' के लिए व्यर्थता बोध भरता चला गया।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि शिक्षा का अर्थ परिष्कार और शुद्धि भी है। इसलिए हमारे मस्तिष्क में जो यह भ्रम बैठ गया है उसका निवारण भी शिक्षा के माध्यम से होना चाहिए। हमारे यहां ज्ञान का दायरा, उसकी व्याप्ति बहुत बड़ी है। विद्या भी परा और अपरा दो प्रकार है। इस दृष्टि से भी उसपर विचार होना चाहिए। यदि आप वेदों और उपनिषदों को रचनात्मकता का प्रमाण नहीं मानेंगे, कालिदास को नहीं स्वीकार करेंगे तो किसे स्वीकार करेंगे। कादंबरी जैसी रचना यदि आपके चिंतन का हिस्सा नहीं है तो चिंतन करेंगे किसपर? हम यह न भूले की सृजनात्मकता का एक अर्थ मौलिकता भी है। इस अर्थ में महाकाव्य सृजनात्मकता के प्रतिमान हैं। जिस प्रकार की औपचारिक शिक्षा आजकल मिल रही है वह हमारे सोच-विचार का दायरा संकीर्ण करती जा रही है। हमारे विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय आदि शिक्षण संस्थान नये प्रश्न, नये विचार, सृजनात्मकता का परिवेश नहीं बना पा रहे। वे एक ही ढर्रे पर वर्षों से चल रहे हैं और चाहते हैं कि उनके यहाँ से 'शिक्षित' व्यक्ति भी उसी दायरे के भीतर रहे। सृजनात्मकता के विषय में थोड़ा विचार करें तो इसके तीन पक्ष हमारे सामने आते हैं। एक तो व्यक्ति की नैसर्गिक प्रतिभा होती है जिसके कारण वह जीवन में अन्य के मुकाबले अधिक सृजनात्मक है। दूसरा, सृजनात्मकता एक प्रक्रिया भी है और बच्चों को सृजनशील बनने की ओर उन्मुख किया जा सकता है। इसका प्रयास करना चाहिए। तीसरा और बहुत महत्वपूर्ण पक्ष है सृजनात्मकता का अवसर देने वाला परिवेश। बगैर इस परिवेश के बच्चों की सृजनात्मकता उसे प्रकार दम तोड़ देती है जिस प्रकार ऊसर भूमि में पड़ा बीज नष्ट हो जाता है। बीज में विशाल वृक्ष बनने की संभावना रहती है लेकिन उपयुक्त परिवेश न मिलने से वह अंकुरित ही न हो सकेगा । यही स्थिति हमारे विद्यार्थियों के साथ भी है। अत्यधिक नियम-कानून और बंधे बंधाए सांचे में ढली शिक्षा बच्चों को रुचिकर नहीं लगती। इसलिए शिक्षा को उन्मुक्त करने वाला होना चाहिए। नई शिक्षा नीति से कुछ आशा अवश्य बंधी है। इसका कारण यह है कि संभवतः पहली बार सृजनात्मकता को शिक्षा नीति का केंद्रीय विषय बनाया गया है। प्रतिभा का प्रस्फुटन किस प्रकार हो इस विषय में यह शिक्षा नीति सोच रही है। उसके विविध अवसर किस प्रकार सृजित हों, इस दिशा में कदम बढ़ते दिख रहे हैं। हमको यह करना ही होगा। शिक्षा-व्यवस्था को आमूलचूल बदलकर उसके द्वारा नये ढंग से सोचने की, जिज्ञासा की, प्रयोग की भूमि तैयार करनी होगी। एक ऐसा वातावरण बनाने की महती आवश्यकता है जिसमें विद्यार्थी उन्मुक्त मन से प्रश्न कर सकें और प्रश्नों के समाधान को तलाने में उद्यत हों । केवल कुछ बने-बनाये रास्तों तक उनको महदूद न रखा जाए। सच यही है कि जब शिक्षा-व्यवस्था स्वयं इस जकड़बन्दियों से मुक्त होगी तभी वह 'सा विद्या या विमुक्तये' के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकेगी ।

## सोशल मीडिया से...
**सच के हक में...**



काल झालेल्या महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार सोहळ्याला उपस्थित असताना उष्माघाताने प्राण गमावलेल्या श्रीसदस्यांच्या जाण्याने, माझे मन जड झाले आहे। मृतांच्या कुटुंबियांप्रती मी संवेदना व्यक्त करतो। जे लोक उपचार घेत आहेत ते लवकरात लवकर बरे व्हावेत यासाठी मी प्रार्थना करतो।

**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी अब उन बच्चों से नहीं मिलते जिनके कंधे पर हाथ रखकर कभी नौकरी और रोजगार का सपना दिखाया करते थे। झूठ की बिसात पर सत्ता मिल गई, अहंकार हावी हो गया और वादे अतीत। आज राज्य के युवा सीएम से मिलकर पूछना चाहते हैं, तो बंदूकों के संगीनों में वो इन युवाओं से नजरे छिपाए हुए हैं। शांति भंग के आरोप में केस मुकदमों का भी खेल इन युवाओं के साथ खेला जा रहा है। कबतक जवाब देने से बचाएगा मुख्यमंत्री जी? आपकी चुप्पी और अकर्मण्यता ने तो पिछले 40 महीनों में आपकी मंशा जगजाहिर कर दी है। आपकी यह वादाखिलाफी आपके राजनैतिक कैरियर को बर्बाद करके ही छोड़ेगा।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**

# ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी के पूर्वजों ने बाबासाहेब को पढ़ाई के लिए भेजा था विदेश

ग्वालियर के सिंधिया परिवार की इतिहास के हवाले से यह कहकर आलोचना की जाती रही है कि उन्होंने भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में महारानी लक्ष्मी बाई का साथ नहीं दिया था, यदि दिया होता तो इतिहास कुछ और होता। हालांकि इतिहास में ही लिखी इस बात को कोई नहीं बताना चाहता था, उस समय जब झांसी की रानी अंग्रेजों से लोहा लेती हुई ग्वालियर पहुंचीं और ग्वालियर किले पर उन्होंने अपना ध्वज लहराया, उस समय रानी लक्ष्मीबाई का किले पर किसी ने कोई गहरा विरोध नहीं किया था, बल्कि ग्वालियर के राजा जयाजीराव सिंधिया के कोषाध्यक्ष अमरचंद बांठिया ने ग्वालियर का शाही खजाना रानी के लिए खोल दिया था। इतिहास इस बात पर भी मौन दिखता है कि तत्कालीन राजा जयाजीराव सिंधिया यानी की आज के ज्योतिरादित्य सिंधिया के पूर्वज की उम्र उस समय कितनी रही होगी, जब 1857 का भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम लड़ा जा रहा था। ग्वालियर गजेटियर के अनुसार राजा की उम्र उस समय 23 साल की थी। जयाजीराव सिंधिया को 1843 में जनकोजीराव सिंधिया की विधवा ताराबाई ने गोद लिया, तब वे आठ वर्ष के थे और 1857 में जब विद्रोह हुआ तब वे 23 वर्ष के थे (ग्वालियर गजेटियर पृष्ठ 34-35)। उस विषम परिस्थिति में ग्वालियर के दीवान दिनकर राव को अपने महाराजा को जिंदा बनाए रखना अहम लगा और वे उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तुरंत ही उन्हें लेकर आगरा चले गए थे। ऐसे में राजा, राज्य और ग्वालियर की जनता तीनों सुरक्षित रहीं। हजारों लोगों की जान तत्कालीन राजा ने यह कहकर बचा ली कि वे स्वयं ग्वालियर में मौजूद नहीं थे। इतिहास के झरोखे से उठे प्रश्नों एवं तथ्यों को आज की पीढ़ी किस तरह देखती है, यह उसका अपना दृष्टिकोण है, किंतु आज जयाजीराव सिंधिया की पीढ़ी को इस बात का गर्व अवश्य है कि वो डॉ. आम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाता है, जिन्होंने देश को एक परिपक्व संविधान देने का काम किया और जिनके कारण देश में वंचितों, पिछड़ों और गरीबों को न्याय मिल सका। ग्वालियर में रविवार को 'आम्बेडकर महाकुंभ' में यह बात निकलकर फिर एक बार सामने आई कि मराठाओं के सहयोग से ही डॉ. आम्बेडकर विदेश में अध्ययन के लिए जा सके थे और उस उच्च अध्ययन का ही परिणाम है कि देश को श्रेष्ठ संविधान के रूप में मिला। ग्वालियर में 'आम्बेडकर महाकुंभ' में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि उनकी पत्नी के पूर्वज जयाजीराव गायकवाड़ महाराज ने बाबासाहेब को पढ़ाई के लिए विदेश भेजा था। सिंधिया का कहना है कि एक मराठा होने के नाते बाबासाहेब के आगे शीष झुकाने पर उन्हें गर्व महसूस होता है। इसके पीछे का जो एक बड़ा कारण उन्होंने बताया, उसके अनुसार डॉ. आम्बेडकर महार समाज से आते थे और छत्रपति शिवाजी के हिंदवी स्वराज को पूर्णता प्रदान करने में इस समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनकी सेना में अधिकांश वीर सैन्य पदाधिकारी एवं सेना के सामान्य सैनिक भी अधिकांश महार समाज के होते थे। ज्योतिरादित्य सिंधिया का आरोप है कि स्वाधीनता के 75 साल तक बाबासाहेब को सम्मान के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ा। कांग्रेस ने कभी डॉ. आम्बेडकर का सम्मान नहीं दिया। आज देश में जो नेता चुनाव के समय बाबासाहेब को याद करते हैं। दलितों के लिए न्याय की बातें करते हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वे पिछले 75 वर्ष कहां रहे?

## मुझे कुछ कहना है...



आज भी राज्य में शिक्षकों की भारी कमी है। जो शिक्षक कार्यरत हैं उनपर गैर शिक्षकीय कार्य का बोझ इतना अधिक है कि वे अध्यापन छोड़कर गैर शिक्षकीय कार्य में ही जुटे रहते हैं। इन शिक्षकों के कंधों पर बच्चों की पढ़ाई के करीब दो दर्जन सरकारी योजनाओं का भार है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई का क्या हाल होगा, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। विद्यालयों में पहली से आठवीं तक की कक्षाओं के लिए जनवरी 2016 के बाद से अब तक नई नियुक्ति नहीं की गई है। वहीं माध्यमिक उच्चतर विद्यालयों में तो 2019 से नई नियुक्ति नहीं की गई है। जो बचे शिक्षक हैं वो विद्यालय में शिक्षकों की कमी और सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन का बहाना बनाकर भी अपना काम चला रहे हैं। राज्य के सरकारी विद्यालयों में करीब 24 हजार पद रिक्त हैं। पदस्थापना की दिशा में सरकारी कवायद नहीं हो रही है। आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट की माने तो राज्य में 43 प्रतिशत विद्यालयों में सिर्फ दो शिक्षक ही कार्यरत हैं जबकि 15 प्रतिशत विद्यालयों में 5 से 6 या इससे अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। कुल मिलाकर राज्य में आनन फानन तरीके से ही सरकारी विद्यालयों में पठन पाठन चल रहा है। शिक्षकों से चुनाव कार्य, जनगणना, पशु गणना, आर्थिक सर्वे, राशन कार्ड सत्यापन, बीपीएल सर्वे, एमडीएम, भवन निर्माण, चावल वितरण, एसडीएमआइएस इंट्री, डाटा इंट्री, शिशु गणना, पोलियो उन्मूलन अभियान ड्यूटी, फाइलेरिया दवा वितरण, आयरन गोली वितरण, एल्बेंडाजोल टैबलेट वितरण, छात्रवृत्ति वितरण, साइकिल वितरण, पोशाक वितरण, कोरोना कीट वितरण ड्यूटी, पीडीएस दुकानों का निरीक्षण, बैंक में बच्चों के लिए अकाउंट ओपनिंग, विद्यालय की रंगाई-पुताई सहित अन्य प्रकार के गैर शिक्षकीय कार्यों में लगाया जा रहा है। इसके बाद भी यह कहा जाता है कि सरकारी विद्यालयों में आमजनों से लेकर शहर का संभ्रांत तबका अपने बच्चों को पढ़ाना नहीं चाहता। बड़ा सवाल यह है कि जब समुचित तरीके से पठन-पाठन नहीं होगा तो कोई अपने बच्चों को क्यों सरकारी स्कूल भेजेगा।

**आफताब आलम, अधिवक्ता रांची।**

दैनिक द फोटोन न्यूज, के लिए प्रकाशित एवं स्वामित्व मां मीडिया वेंचर रोस्पा टावर, चौथा तल्ला, मेन रोड, रांची, शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट + थाना – रातू, जिला – रांची, झारखंड, पिन – 835222 से मुद्रित।
प्रधान संपादक – फहीम अख्तर* (M) +919431311669, RNI NO. आवेदित (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), website : www.thephotonnews.com, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# आईपीएल में आज आमने-सामने होंगी सनराइजर्स और इंडियंस

**हैदराबाद (एजेंसी)।** आईपीएल में मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद अपने घरेलू मैदान पर मुम्बई इंडियंस पर जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगी। वहीं मुम्बई इंडियंस भी इस मैच में जीत के लिए कोई कसर नहीं रखेगी। पिछले मैच में मुम्बई ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ शानदार जीत हासिल की थी। इस मैच में उसके आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने भी फॉर्म में वापसी करते हुए आक्रामक पारी खेली थी। इसके अलावा ईशान किशन ने भी अच्छी बल्लेबाजी की थी। मुंबई और सनराइजर्स दोनों को ही अपने-अपने पिछले दोनों मैचों में जीत मिली थी। इससे दोनो का ही मनोबल ढ़ा हुआ है। ऐसे में दोनो का लक्ष्य तीसरी जीत दर्ज करना रहेगा। इन दोनों ही टीमों का अब तक का प्रदर्शन करीब-करीब एक सा रहा है। टीम को टूर्नामेंट की शुरुआत में लगातार दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। । मुंबई के लिए राहत की बात ये है कि सूर्यकुमार रन बनाने लगे हैं। उन्होंने केकेआर के खिलाफ अपने पहले वाले अंदाज में खेलते हुए में 25 गेंदों पर ही 43 रन बनाए थे जिससे उनकी टीम को इस मैच में जीत मिली थी। केकेआर के खिलाफ सूर्यकुमार ने कप्तानी की थी पर इस मैच में कप्तानी रोहित शर्मा ही संभालेंगे।

सूर्यकुमार के अलावा ईशान ने भी अच्छी पारी खेली थी। उन्होंने 25 गेंदों पर 58 रन बनाए। अब इन दोनो का ही लक्ष्य इस प्रदर्शन को सनराइजर्स के खिलाफ भी दोहराना रहेगा। मुम्बई की ओर से तिलक वर्मा ने शुरुआत से ही अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके अलावा कैमरन ग्रीन और टिम डेविड भी अब ठीक प्रदर्शन कर रहे हैं। अनुभवी स्पिनर पीयूष चावला ने भी अबतक अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि युवा ऋतिक शौकीन ने उनका अच्छा साथ दिया है।

तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर के नहीं होने से मुंबई की तेज गेंदबाजी जरुर कमजोर हुई है। आर्चर की कोहनी की चोट फिर उभर आई है। ऐसे में उनकी जगह पर रिले मेरेडिथ तेज गेंदबाजी की कमान संभाल रहे हैं। मुंबई ने पिछले मैच में अर्जुन तेंदुलकर और डुआन यानसन को खेलने का अवसर दिया था। इन दोनो ने ही अच्छा प्रदर्शन किया था। ऐसे में इन्हें




इस मैच में भी अवसर मिल सकता है। वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स को हैरी ब्रूक और राहुल त्रिपाठी से बेहतर बल्लेबाजी की उम्मीद रहेगी।

हैरी ने पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शतकीय पारी खेली थी जबकि राहुल ने पंजाब के खिलाफ मिली जीत में 48 गेंदों पर 74 रन बनाये थे। कप्तान एडेन मार्कराम ने भी इन दोनों मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया था। गेंदबाजी की जिम्मेदारी स्पिनर मयंक मारकंडे पर रहेगी। मारकंडे ने अब तक सबसे ज्यादा छह विकेट लिए हैं जबकि उमरान मलिक, मार्को यानसन और भुवनेश्वर कुमार ने भी विरोधी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाये रखा है।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंसः** रोहित शर्मा (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, टिम डेविड, डेवाल्ड ब्रेविस, तिलक वर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), ट्रिस्टन स्टब्स, विष्णु विनोद, कैमरन ग्रीन, अर्जुन तेंदुलकर, रमनदीप सिंह, शम्स मुलानी, रिले मेरेडिथ नेहल वढेरा, ऋतिक शौकीन, अरशद खान, डुआन यानसन, पीयूष चावला, कुमार कार्तिकेय, राघव गोयल, जोफ्रा आर्चर, जेसन बेहरेनडॉर्फ, आकाश मधवाल।

**सनराइजर्स हैदराबादः** एडेन मार्कराम (कप्तान), अब्दुल समद, राहुल त्रिपाठी, ग्लेन फिलिप्स, अभिषेक शर्मा, मार्को यानसन, वाशिंगटन सुंदर, फजलहक फारूकी, कार्तिक त्यागी, भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन, उमरान मलिक, हैरी ब्रूक, मयंक अग्रवाल, हेनरिक क्लासेन, आदिल राशिद, मयंक मारकंडे, विवरांत शर्मा, समर्थ व्यास, संवीर सिंह, उपेंद्र यादव, मयंक डागर, नीतीश कुमार रेड्डी, अकील होसीन और अनमोलप्रीत सिंह।

# आर माधवन के बेटे वेदांत ने भारत को किया गौरवान्वित, मलेशिया में जीते 5 गोल्ड मेडल




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अभिनेता आर माधवन एक गौरवान्वित पिता हैं क्योंकि उनके बेटे वेदांत ने तैराकी चैंपियनशिप में भारत के लिए पांच स्वर्ण पदक जीते। वेदांत ने सप्ताहांत में कुआलालंपुर में आयोजित मलेशिया इन्विटेशनल एज ग्रुप स्विमिंग चैंपियनशिप में यह स्वर्ण पदक जीते हैं। अपनी खुशी को साझा करते हुए, अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर अपने बेटे की तस्वीर पोस्ट की और लिखा कि 'भगवान की कृपा और आप सभी की शुभकामनाओं के साथ, वेदांत को भारत के लिए 5 स्वर्ण (50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर और 1500 मीटर) 2 पीबी के साथ मिले। कुआलालंपुर में इस सप्ताह के अंत में आयोजित मलेशियाई इन्विटेशनल एज ग्रुप स्विमिंग चैंपियनशिप, 2023 में। मैं उत्साहित और बहुत आभारी हूं।' फोटो में उनके बेटे को भारतीय ध्वज और पदकों के साथ प्रस्तुत किया गया है। जैसे ही उन्होंने पोस्ट शेयर की, उनके दोस्तों और प्रशंसकों ने कमेंट सेक्शन में प्यार की बौछार कर दी। इस बड़ी खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिषेक बच्चन ने लिखा, 'कितना अद्भुत। बधाई हो वेदांत! सुरिया ने भी अभिनेता को बधाई दी और लिखा, 'यह खूबसूरत है वेदांत, सरिता, और आप और टीम को हार्दिक बधाई !!'

यह पहली बार नहीं है जब वेदांत ने किसी टूर्नामेंट में बड़ी जीत हासिल की है। वह पिछले कुछ वर्षों से जीत की लय पर है और उसने कई पदक और प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीते हैं।

इस साल फरवरी के महीने में खेलो इंडिया 2023 टूर्नामेंट में टीम महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाले वेदांत ने टूर्नामेंट में पांच स्वर्ण पदक और दो रजत पदक जीते। पिछले साल जुलाई में, वेदांत ने 48वीं जूनियर नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप में राष्ट्रीय जूनियर तैराकी रिकॉर्ड तोड़ा और 1500 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी प्रतियोगिता जीती।

# विराट–गांगुली के बीच बढ़ा विवाद, हाथ नहीं मिलाने के बाद कोहली ने सोशल मीडिया पर उठाया यह बड़ा कदम

**मुम्बइ(एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग 2023 का 20वां मुकाबला कई कारणों से चर्चा में रहा। विराट कोहली ने अपना तीसरा अर्धशतक बनाया और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स ने इस सीजन में लगातार 5वीं हार दर्ज की। लेकिन प्रदर्शन से ज्यादा जिस एक चीज की चर्चा हुई वो थी कोहली और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली के बीच वर्चुअल खींचतान की। मैच के बाद भारतीय क्रिकेट के इन दोनों दिग्गजों से जुड़े दो वीडियो वायरल हुए, जिसने एक बार फिर साफ कर दिया कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक नहीं है। मैच के कुछ क्षण बादकोहली की नवीनतम सोशल मीडिया गतिविधि ने रविवार को प्रशंसकों के लिए इसकी पुष्टि हुई।



मैच के 18वें ओवर में, जब आरसीबी को डीसी के खिलाफ जीत के लिए एक विकेट की दरकार थी। कोहली ने शानदार कैच पकड़कर मैच को अपनी टीम की झोली में डाल दिया। इस दौरान डगआउट में बैठे सौरव गांगुली और रिकी पोंटिंग को कोहली ने आंख भी दिखाई। इतना ही नहीं, जब मैच खत्म हुआ तो कोहली और गांगुली ने एक दूसरे से हाथ तक नहीं मिलाया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर जबरदस्त तरीके से वायरल भी हो रहा है। वहीं, अब खबर यह भी है कि सौरव गांगुली को विराट कोहली ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अनफॉलो भी कर दिया है। यह कदम भी इसी मुकाबले के बाद उठाया गया है। इससे साफ जाहिर होता है कि दोनों के बीच रिश्ते ठीक-ठाक नहीं है।

# गुजरात को हराकर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची राजस्थान

**मुम्बई (एजेंसी)।** अहमदाबाद (ईएमएस)। कप्तान संजू सैमसन और शिमरोन हेटमायर की अर्धशतकीय पारियों की सहायता से राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस पर तीन विकेट से जीत दर्ज की है। सैमसन ने 60 और हेटमायर ने नाबाद 56 रन बनाये। इस मैच में राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात को 177 रनों पर ही रोकने के बाद 19.2 ओवरों में सात विकेट पर 179 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। राजस्थान ने इसी के साथ ही गुजरात के खिलाफ पहली जीत हासिल की है। राजस्थान की यह पांच मैचों में चौथी जीत है और इससे टीम तालिका में शीर्ष पर पहुंच गयी है। वहीं गुजरात की टीम तीन जीत के साथ ही तीसरे स्थान पर है।

सैमसन ने 32 गेंद पर तीन चौके और छह छक्के लगाये जबकि हेटमायर ने 26 गेंद पर दो चौके और पांच छक्के लगाये। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 27 गेंद में 59 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

राजस्थान की जीत में ध्रुव जुरेल के 10 गेंद में 18 रन और रविचंद्रन अश्विन तीन गेंद में 10 रनों की भी अहम भूमिका रही। दूसरी ओर गुजरात की ओर से मोहम्मद शमी ने चार ओवर में 25 रन देकर तीन विकेट जबकि राशिद खान ने दो विकेट लिए।

इससे पहले डेविड मिलर की 46 और शुभमन गिल की 45 रन की पारियों से गुजरात टाइटंस ने एक अच्छा स्कोर बनाया था पर उसके गेंदबाज इसका बचाव नहीं कर पाये।



# मुंबई इंडियंस के कप्तान सूर्यकुमार यादव पर 12 लाख रुपये का जुर्माना

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के कप्तान सूर्यकुमार यादव पर रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान टीम की धीमी ओवर गति के कारण 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आईपीएल की न्यूनतम ओवर-गतिसे संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए कप्तान सूर्यकुमार पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। मुंबई ने इस मैच को पांच विकेट से जीता केकेआर के कप्तान नितीश राणा पर मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगा। राणा ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.21 के तहत 'लेवल एक' के अपराध को स्वीकार कर लिया। लीग की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मुंबई इंडियंस के गेंदबाज ऋतिक शौकीन पर 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। भारतीय घरेलू क्रिकेट के दो खिलाड़ियों की प्रतिद्वंद्विता इस मैच में भी देखने को मिली राणा शौकीन के बीच तीखी बहस हुई। यह घटना पहले बल्लेबाजी कर रहे केकेआर की पारी के नौवें ओवर में हुई जब शौकीन ने राणा को आउट करने के बाद उनसे कुछ कहा। राणा ने इसके बाद पलटकर शौकीन की तरफ बढ़ते हुए कुछ कहा। मुंबई इंडियन्स के कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव और टीम के सबसे सीनियर खिलाड़ी पीयूष चावला ने हालांकि हस्तक्षेप करते हुए मामले को शांत कराया। शौकीन ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के तहत 'लेवल एक' के अपराध को स्वीकार कर लिया।

# शाहरुख ने अर्जुन को शुभकामनाएं दीं

मुंबई । महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने जहां आईपीएल में पदार्पण करने वाले अपने बेटे अर्जुन को कड़ी मेहनत जारी रखने और खेल का सम्मान करने को कहा है। वहीं दूसरी ओर कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के मालिक शाहरुख खान ने भी अर्जुन की जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने अर्जुन के लिए ट्वीट किया, यह आईपीएल कितना भी प्रतिस्पर्धी क्यों न हो पर जब आप एक दोस्त के बेटे अर्जुन को मैदान में उतरते देखते हैं तो यह बहुत खुशी और आनंद की बात होती है। अर्जुन को मेरी शुभकामनाएं साथ ही यह सचिन के लिए गर्व का क्षण है। वहीं, तेंदुलकर ने ट्वीट किया, 'अर्जुन आपने एक क्रिकेटर के रूप में अपने सफर में एक अन्य महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ाया है। आपके पिता होने के नाते, जो कि आपको प्यार करता है और खेल के प्रति जुनूनी है, मैं जानता हूं कि आप खेल को सम्मान देना जारी रखोगे जिसका वह अधिकारी है और खेल वापस आप पर प्यार लुटाएगा।' इस दिग्गज बल्लेबाज ने लिखा, 'आपने यहां तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है और मुझे पूरा विश्वास है कि आप आगे भी ऐसा करना जारी रखोगे। यह एक सुखद यात्रा की शुरुआत है। मेरी तरफ से ढेर सारी शुभकामनाएं।'

# सैमसन को भारतीय टीम में अवसर मिले : हरभजन

नई दिल्ली । दिग्गज पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने आईपीएम में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी कर रहे संजू सैमसन की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि उनके पास टीम को जीत दिलाने की क्षमता है। हरभजन के अनुसार सैमसन को टीम इंडिया में ज्यादा से ज्यादा अवसर मिलने चाहिये। गुजरात जायंट्स के खिलाफ सैमसन ने अर्धशतक लगाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। हरभजन ने कहा, सैमसन जैसे खिलाड़ियों में अन्य खिलाड़ियों की तुलना में अधिक साहस होता है। वह एक विशेष खिलाड़ी हैं। गुजरात के खिलाफ मैच में हेटमायर की तुलना में उनका अधिक प्रभाव था क्योंकि उन्होंने खेल बनाया और शिमरोन हेटमायर ने इसे समाप्त किया। साथ ही कहा कि अगर आपको अपनी क्षमता पर भरोसा है, तो आप मैच को गहराई तक ले जा सकते हैं। जैसे महेन्द्र सिंह धोनी खेल को गहराई तक ले जाते थे क्योंकि उन्हें अपनी क्षमता पर कोई संदेह नहीं था। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि वह सैमसन ही थे जो खेल को अंत तक ले गए। उन्होंने कहा, हिटमेयर ने भी ऐसा ही किया पर इसके बाद भी सैमसन की भूमिका बड़ी रही। साथ ही कहा कि इस खिलाड़ी में इतनी क्षमता है, उसे भारत के लिए खेलना चाहिए। हरभजन ने यह भी कहा कि सैमसन को राष्ट्रीय स्तर पर लगातार अवसर क्योंकि वह एक मैच विजेता बल्लेबाज है।



# चेन्नई को मिली एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी की मेज़बानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पुरुष हॉकी एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 का आयोजन तीन से 12 अगस्त के बीच चेन्नई में किया जायेगा। हॉकी इंडिया ने सोमवार को इसकी घोषणा की। यह इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का सातवां आयोजन है जो सितंबर में चीन के हांग्झोऊ में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण होगा। तमिलनाडु के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उधयनिधि स्टालिन ने टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों का स्वागत करते हुए कहा, ''तमिलनाडु के चेन्नई में हीरो एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 की मेजबानी करना वास्तव में बहुत खुशी और सम्मान की बात है। यह जगह कभी दक्षिण भारत में हॉकी की राजधानी हुआ करती थी जहां कई प्रतिष्ठित घरेलू और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजित किये जाते थे।'

उन्होंने कहा, ''मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि राज्य में इस खेल को फिर से पुनर्जीवित किया जा रहा है और भारतीय टीम की युवा सनसनी एस कार्ती सहित कई युवा खिलाड़ी राज्य से निकल रहे हैं। मेरा मानना है कि यहां एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 की मेजबानी से इस क्षेत्र में खेल में और जान आएगी और एशिया की शीर्ष टीमों को देखने से युवा पीढ़ी भी हॉकी को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित होगी।'



चेन्नई ने आखिरी बार 2007 में एशिया कप के रूप में एक अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की मेजबानी की थी। भारत ने इस आयोजन के फाइनल में कोरिया को 7-2 से हराकर खिताब जीता था। भारतीय पुरुष टीम ने 2011 में आयोजित एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के उद्घाटन संस्करण में और 2016 में खिताब जीता था। ओमान के मस्कट में आयोजित 2018 के फाइनल की कार्यवाही प्रभावित होने के बाद भारत और पाकिस्तान संयुक्त विजेता रहे थे।


हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ दिलीप टिकी ने टूर्नामेंट की मेजबानी का मौका देने के लिये उधयनिधि स्टालिन और एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ टिकी ने कहा, ''मुझे एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप भुवनेश्वर-राउरकेला के दौरान उनके साथ बातचीत करने का सम्मान मिला और हॉकी के लिए उनके उत्साह और जुनून को देखना बहुत उत्साहजनक था। मैं इस अवसर के लिये एएचएफ को भी धन्यवाद देता हूं। एशिया की सभी शीर्ष टीमों को भारत आये और यहां भाग लेते हुए काफी समय हो गया है। मेरे पास चेन्नई में खेलने की बहुत अच्छी यादें हैं और हमें उम्मीद है कि वहां के लोग भाग लेने वाली टीमों का समर्थन करने के लिये बड़ी संख्या में स्टेडियम आएंगे।'

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, 'हॉकी इंडिया के अधिकारियों ने पहले ही चेन्नई में आयोजन स्थल का दौरा कर लिया है और एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी चेन्नई 2023 की चल रही तैयारियों पर ध्यान दिया है। पिछले एक दशक में तमिलनाडु ने विभिन्न आयु-वर्गों में कई महत्वपूर्ण हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी की है और हम अंतरराष्ट्रीय हॉकी मैचों को देश के अन्य राज्यों में ले जाने के इच्छुक थे। मुझे यकीन है कि सभी हितधारकों के समर्थन से हम एक सफल और यादगार कार्यक्रम को अंजाम दे सकेंगे।'

# हार से निराश पंड्या बोले, 200 के करीब रन बनाते तो परिणाम अलग होता

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मिली हार से गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या निराश हैं। पंड्या के अनुसार पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी के बाद उन्हें जीत की उम्मीद थी। इस मैच में 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान ने शुरुआती तीन ओवरों में ही चार रन पर दो विकेट गंवा दिये थे और पावरप्ले में भी टीम केवल 26 रन ही बना पायी थी। इसके बाद कप्तान संजू सैमसन ने तेजी के साथ खेलते हुए 60 रन) और शिमरोन हेटमायर ने नाबाद 56 बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। पंड्या ने कहा, '' पावरप्ले के बाद इस प्रकार के परिणाम के बारे में सोचा नहीं था। इस खेल की यही खासियत है। खेल समाप्त होने से पहले कभी पूरा नहीं होता। टीम के खिलाड़ियों को यह सबक सीखना चाहिए।'' पंड्या ने कहा कि उनकी टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए कुछ रन और बनाती तो परिणाम अलग होता। उन्होंने कहा, '' हमने कुछ रन कम बनाये। मेरे आउट होने के बाद रॉयल्स ने अच्छी गेंदबाजी की। हमें थोड़ा और प्रयास करते हुए 200 के करीब रन बनाने चाहिए थे। ।'' वहीं मैन ऑफ द मैच शिमरोन हेटमायर चार मैचों में गुजरात के खिलाफ पहली जीत दर्ज कर के उत्साहित नजर आये। रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने गुजरात को 177 रन पर ही रोकने के लिए अपने गेंदबाजों की प्रशंसा की है। सैमसन ने कहा, ''मुझे लगता है कि गेंदबाजों को बार बार बदलना बहुत जरूरी था। वे हमारे स्पिनरों के खिलाफ तेजी से रन बनाने का प्रयास कर रहे थे।

# रुबलेव ने जीता मोंटे कार्लो मास्टर्स



मोंटे कार्लो। रूस के आंद्रे रुबलेव ने मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में डेनमाक 'के होल्गर रूने को हराकर अपने करियर का पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीत लिया है। पांचवीं सीड रुबलेव ने रविवार को एक घंटे 34 मिनट तक चले मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए रूने को 5–7, 6–2, 7–5 से मात दी। रुबलेव निर्णायक सेट में भी 1–4 से पिछड़े हुए थे लेकिन उन्होंने एक बार फिर वापसी करके अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। रुबलेव ने इस जीत के बाद कहा, 'मैं नहीं जानता कि मैं क्या कहूं। (निर्णायक सेट में) 1–4, 0/30 से पीछे चल रहा था, ब्रेक पॉइंट बचा रहा था, यह सोचकर कि जीतने का कोई मौका नहीं है। लेकिन किसी तरह मैंने इसे कर दिखाया।' रुबलेव ने 2021 में भी मोंटे कार्लो मास्टर्स में जगह बनायी थी लेकिन तब उन्हें स्टेफानोस सितसिपास के हाथों हार मिली थी। उन्होंने कहा, 'मैं अंदर से उम्मीद कर रहा था कि मेरे पास एक मौका होगा, इसलिये अंत तक खेलना होगा। मुझे पिछला फाइनल याद है, और जब मैं हार रहा था, तो मुझे लगा कि मेरे पास कोई मौका नहीं है। लेकिन आज मैंने सोचा, 'बस अंत तक विश्वास रखें', और यही मैं तीसरे सेट में करने की कोशिश कर रहा था।' यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद अपने राष्ट्रीय ध्वज से वंचित 25 वर्षीय रुबलेव ने दर्शकों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'जिस देश से मैं आता हूं, वहां से आकर इस तरह का अंतरराष्ट्रीय समर्थन प्राप्त करना बहुत बड़ी बात है।'

# आईपीएल खेलने वाले पहले पिता-पुत्र बने सचिन और अर्जुन, पहले मुकाबले में ही जुनियर तेंदुलकर ने मास्टर ब्लास्टर की बराबरी की

**मुंबई (एजेंसी)।** सचिन तेंदुलकर मुंबई इंडियंस के पहले कप्तान थे। 2008 में उद्घाटन संस्करण में, सचिन आइकन खिलाड़ी भी थे। तब उनका बेटा अर्जुन 8 साल का था। एक बच्चे के रूप में, वह मैदान में आते थे और अपने पिता और उनकी टीम के लिए ताली बजाते थे। मैच के बाद दिग्गज क्रिकेटर कभी-कभी अपने बेटे को मैदान से बाहर ले जाते। सचिन ने 2008 से 2013 के बीच मुंबई इंडियंस के लिए 78 मैच खेले और 34.84 की औसत से 2334 रन बनाए। उन्होंने एमआई में अपने छह सीजन के दौरान एक शतक और 13 अर्धशतक भी लगाए। वह 2013 में ब्लू ब्रिगेड की पहली आईपीएल खिताबी जीत का हिस्सा थे। रविवार को वानखेड़े स्टेडियम खुशी से झूम उठा। सचिन मैदान पर नहीं थे, लेकिन एमआई डगआउट में थे और उनके बेटे अर्जुन को एमआई और भारत के कप्तान रोहित शर्मा द्वारा पहली आईपीएल कैप सौंपी गई थी।

एमआई कैंप में भावनाएं अधिक थीं, विशेष रूप से पिता सचिन के लिए, जो स्पष्ट रूप से गर्व महसूस कर रहे थे और अपने 23 वर्षीय बेटे अर्जुन के लिए ताली बजाते और जयकार करते देखे गए। सचिन ने कहा कि यह मेरे लिए नया अनुभव था क्योंकि अब तक मैंने जाकर उन्हें (अर्जुन को) खेलते हुए नहीं देखा है। मैं बस यही चाहता था कि उसे बाहर जाने और खुद को अभिव्यक्त करने और वह करने की आजादी हो जो वह करना चाहता है। आज भी मैं ड्रेसिंग रूम में बैठा था क्योंकि मैं नहीं चाहता था कि वह अपनी योजनाओं से हटे और यहां मेगा स्क्रीन को देखना शुरू करे और अचानक मुझे एहसास हो कि मैं वहां देख रहा था। अर्जुन और सचिन ने एक अनोखा रिकॉर्ड भी बना दिया। आईपीएल खेलने वाले वे पहले पिता-पुत्र की जोड़ी बन गए। वहीं, मैदान में सचिन तेंदुलकर की बेटी भी उनका उत्साह बढ़ाने पहुंची।


सचिन तेंदुलकर ने ट्वीट कर कहा कि अर्जुन, आज आपने एक क्रिकेटर के रूप में अपनी यात्रा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आपके पिता के रूप में, जो आपसे प्यार करता है और खेल के प्रति जुनूनी है, मुझे पता है कि आप खेल को वह सम्मान देना जारी रखेंगे जिसका वह हकदार है और खेल आपको वापस प्यार करेगा। उन्होंने कहा कि आपने यहां तक ??पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है और मुझे यकीन है कि आप ऐसा करना जारी रखेंगे। यह एक खूबसूरत यात्रा की शुरुआत है। शुभकामनाएं! इस मुकाबले में





अर्जुन ने 2 ओवर की गेंदबाजी की। 2 ओवरों में उन्होंने 17 रन दिए। पहले ओवर में उनके गेंदबाज पर 5 रन बने। आश्चर्य की बात यह भी है कि जब सचिन तेंदुलकर ने आईपीएल में पहली बार 2009 में गेंदबाजी की थी तब उन्होंने भी पहले ओवर में 5 रन दिए थे।

# धोनी आईपीएल इतिहास के सर्वश्रेष्ठ कप्तान : गावस्कर

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह आईपीएल इतिहास के सबसे अच्छे कप्तान हैं। गावस्कर ने कहा कि धोनी जैसा कप्तान न कभी हुआ और न आगे होगा। धोनी ने आईपीएल में कप्तान के रूप में 200 मैच पूरे किए थे। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले कप्तान हैं। गावस्कर ने कहा, सीएसके धोनी के कारण ही कठिन हालातों से निकल आता है। 200 मैचों में कप्तानी करना कोई आसान काम नहीं है। इतने सारे मैचों में कप्तानी करना एक बड़ा बोझ होता है जिससे प्रदर्शन पर भी प्रभाव पड़ता है। गावस्कर ने आईपीएल प्रसारकों से बात करते हुए कहा कि धोनी सबसे अलग हैं।धोनी आईपीएल की शुरुआत से ही सीएसके में शामिल रहे हैं। उन्होंने 2016 के सत्र में 14 मैचों में राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स की कप्तानी की थी ऐसे में कप्तान के रूप में उनका कुल कार्यकाम 214 हो गया है। धोनी की टीम सीएसके ने चार बार आईपीएल का खिताब जीता है। सीएसके कप्तान के रूप में उनका रिकॉर्ड 120 जीत, 79 हार का रहा है। गावस्कर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर (आरसीबी) के इस सत्र में अच्छे प्रदर्शन के लिए अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की सराहना की है। उन्होंने कहा कि विराट की अच्छी शुरुआत से ही टीम प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने में सफल हो रही है।





# कुछ वर्ष लगेंगे कृष-4 को बनने में

## दर्शकों को करना होगा इंतजार

ऋतिक रोशन के फिल्मी सफर में उनके पिता राकेश रोशन की अहम् भूमिका रही है। कहो न प्यार है के जरिये फिल्मों में आने वाले ऋतिक रोशन ने बाल कलाकार के रूप में अपने पिता राकेश रोशन की फिल्म भगवान दादा से शुरूआत की थी। इसके बाद वे रीना रॉय राज बब्बर की फिल्म इंतेहा में नजर आए थे। वर्ष 2000 में उन्हें उनके पिता ने कहो न प्यार से बतौर नायक पेश किया। फिल्म की सफलता ने उन्हें सितारा हैसियत दी। सफलता के बाद ऋतिक रोशन को कई फिल्मों के जरिये असफलता हाथ लगी। जब लगा कि अब ऋतिक का करियर समाप्ति हो रहा है तभी उनके पिता ने उनके लिए फिल्म कोई मिल गया का निर्माण व निर्देशन किया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की। इस फिल्म की सफलता के जरिये राकेश रोशन ने हिन्दी सिनेमा के सुपर हीरो की शुरूआत की। इस फिल्म के बाद उन्होंने कृष-2 व कृष-3 का निर्माण किया। इन फिल्मों ने ऋतिक रोशन के करियर को परवान चढ़ाया। कृष-3 के बाद से दर्शकों के इस फिल्म के चौथे भाग का इंतजार है। कुछ वर्ष पूर्व राकेश रोशन ने इसकी धूमधाम से घोषणा की थी लेकिन फिल्म अपनी घोषणाओं से आगे नहीं बढ़ सकी। अब एक बार फिर से भारतीय सुपर हीरो को पेश करने वाले निर्माता निर्देशक राकेश रोशन ने कहा है कि उनकी फिल्म कृष-4 को बनने में अभी समय लगेगा। ऋतिक रोशन के पिता और फिल्ममेकर राकेश रोशन ने कृष 4 पर अपडेट दिया है। उन्होंने बताया है कि उन्हें फिल्म को बनाने की कोई जल्दी नहीं है। फिल्म की शूटिंग 2024 के बाद शुरू होगी। फिलहाल, उनकी टीम फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रही है और इसके बाद प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू होगा। राकेश रोशन के बयान से स्पष्ट होता है कि उनकी फिल्म कृष-4 वर्ष 2025 में फ्लोर पर जाएगी और सम्भवत 2026 में उसका प्रदर्शन होगा। ऋतिक रोशन की कृष 3 साल 2013 में रिलीज हुई थी। इसके बाद फिल्म के अगले पार्ट को लेकर कई दावे किए जा रहे थे, लेकिन आधिकारिक तौर पर इसकी रिलीज की घोषणा नहीं की गई थी। फिल्ममेकर ने एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें कृष 4 को लेकर कोई जल्दी नहीं है। अभी फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है, फिर प्री-प्रोडक्शन लेवल पर काम होगा और शूटिंग 2024 के बाद शुरू होगी, यानी कृष 4 के लिए अभी कम से कम 2-3 साल और लगेंगे। कृष फेंचाइजी की फिल्मों का सब्जेक्ट और कहानी ऐसी है कि इसमें वक्त लगता है और राकेश रोशन को भी कोई जल्दी नहीं है। कृष का कॉन्सेप्ट काफी अलग है, इसलिए ऐसी फिल्में बनाने में काफी वक्त लगता है। 49 वर्षीय ऋतिक के पास वॉर 2 और फाइटर सहित कुछ बड़े बजट की फिल्में हैं। खबर है कि अयान मुखर्जी को वॉर 2 के निर्देशन की जिम्मेदारी मिली है, जबकि ऋतिक और दीपिका पादुकोण की जोड़ी पहली बार फाइटर में नजर आएगी जिसे अगले साल जनवरी 2024 में रिलीज करने की योजना है।



# न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल के लिए चुनी गई राधिका मदान की फिल्म सना

राधिका मदान की फिल्म सना को 11 से 14 मई तक होने वाले 23वें न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में आधिकारिक प्रतियोगिता के लिए चना गया है। इस फिल्म में सोहम शाह, शिखा तलसानिया और पूजा भट्ट हैं। यह उत्तरी अमेरिका का सबसे पुराना और सबसे प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव है, जिसमें भारत और प्रवासी भारतीयों के सिनेमा को दिखाया जाता है। त्योहार वैश्विक भारतीय समुदाय से सिनेमा का जश्न मनाता है। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक सुधांशु सरिया द्वारा निर्देशित फिल्म राधिका मदान द्वारा अभिनीत एक 28 वर्षीय महिला की कहानी है, जो अनसुलझे आघात के कारण आंतरिक लड़ाई लड़ रही है। निर्देशक सुधांशु सरिया ने कहा- न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में आधिकारिक प्रतियोगिता के लिए सना का चयन करना एक बड़ा सम्मान है। यह फेस्टिवल भारतीय डायस्पोरा से स्वतंत्र सिनेमा का एक पुराना चैंपियन रहा है, और हम इसे लेकर रोमांचित हैं। हमारी फिल्म इस तरह के विविध और सम्मोहक कार्यों के साथ प्रदर्शित हुई। मैं उत्सव में भाग लेने और साथी फिल्म निमार्ताओं और दर्शकों के साथ जुड़ने के लिए उत्साहित हूं। इससे पहले फिल्म को 26वें तेलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल और 38वें सांता बारबरा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। यह ओपनिंग फिल्म के रूप में 25वें यूके एशिया फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनने के लिए भी तैयार है, जो 4 मई से 13 मई, 2023 तक होने वाली है।

# नेगेटिव किरदार में नजर आएंगी तापसी



ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रदर्शित हुई तापसी पन्नू की फिल्म हसीन दिलरूबा फिर से चर्चाओं में है। तापसी पन्नू शीघ्र ही इस फिल्म का सीक्वल फिर आई हसीन दिलरूबा लेकर आने वाली हैं। अमूमन रोमांटिक कॉमेडी और इंटेंस रोमांटिक जोनर की फिल्में बनाने वाले बैनर कलर येलो प्रोडक्शन ही इसका प्रोड्यूसर है। यह बैनर हालांकि इस फिल्म से अपनी पहचान क्राइम ड्रामा वाली लव स्टोरी बनाने के तौर पर विकसित कर रहा है। तापसी पन्नू इस फिल्म से पहले बदला में पूरी तरह से नेगेटिव किरदार में नजर आई थी। यहाँ हसीन दिलरूबा में रानी के तौर पर उनका किरदार ग्रे शेड लिए हुए है। शादीशुदा होने के बावजूद उनका किरदार पति के एक परिचित की ओर फिसलता है। फिर किसी का मर्डर होता है। इस बार पार्ट-2 में निर्माताओं ने क्राइम का तडक़ा रखते हुए कुछ और भी गढने़ की कोशिश की है। फिल्म से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पिछले भाग की कहानी दिल्ली और हरिद्वार में ट्रैवल करती है। इस बार कहानी को आगरा और मथुरा में सेट किया गया है। पिछली बार जहाँ हर्षवर्धन राणे के किरदार के चलते तापसी और विक्रांत मैसी की जिन्दगी में भूचाल आता है। इस बार तकरीबन वैसा काम सनी कौशल के किरदार से होता है। इस बार पुलिस अधिकारी के किरदार में जिम्मी शेरगिल नजर आएंगे। सीआईडी फेम आदित्य श्रीवास्तव भी कुछेक अहम हिस्सो में दिखाई देंगे। जिम्मी कलर येलो प्रोडक्शन की फिल्मों में लगातार रहे हैं। इस बार उन्हें अहम रोल दिया गया है। वे डीएसपी के रोल में हैं। फिल्म में वे भोजपुरी एक्सेंट में बोलते नजर आएंगे। भोजपुरी फिल्मों के ख्यातनाम सितारे मनोज टाइगर को भी फिल्म में लिया गया है। वो विलेन और कॉमेडियन के तौर पर नजर आते रहे हैं। फिल्म का निर्देशन जयप्रद देसाई कर रहे हैं जो हॉटस्टार के लिए कौन प्रवीण तांबे नामक बायोपिक बना चुके हैं। पिछले दिनों उनकी जी5 पर प्रदर्शित हुई फिल्म मुखबिर को भी काफी सराहना मिली है। उसे उन्होंने शिवम नायर के साथ बनाया था। फिर आई हसीन दिलरूबा की कहानी मौजूदा समय में ही सेट है, क्योंकि इस फिल्म की शूटिंग में जिन फिल्मों के पोस्टर घर या गली की दीवारों पर इस्तेमाल हो रहे थे, वो हाल के समय की हैं। मिसाल के तौर पर इसी बैनर की आई फिल्म एन एक्शन हीरो के पोस्टर इस फिल्म में यूज हुए हैं। फिल्म की कहानी आगरा-मथुरा के साथ-साथ नैनीताल में भी ट्रैवल करती है। नैनीताल में मूल रूप से तापसी के सनी कौशल और विक्रांत मैसी के साथ रोमांटिक सीन फिल्माए गए हैं। फिल्म के पिछले भाग में शहर के लैंडमार्क पुल को बार-बार दिखाया गया था, इस बार मथुरा के एक ब्रिज को बतौर किरदार रखा गया है।

# मेरे फैंस मुझे डार्क किरदारों में देखना पसंद करते हैं: नवाजुद्दीन



गैंग्स ऑफ वासेपुर, रईस, बजरंगी भाईजान और अन्य जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी जल्द ही रोमांटिक फिल्म जोगीरा सारा रा रा में नजर आएंगे। एक्टर ने साझा किया है कि जहां उनके फैंस उन्हें डार्क किरदार में देखना पसंद करते हैं, वहीं उन्हें लाइट रोल करना पसंद है। फिल्म एक ऐसे कपल की कहानी है, जो प्यार में नहीं पड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित है। फिल्म का टीजर हाल ही में रिलीज किया गया। फिल्म के बारे में बात करते हुए, नवाज ने कहा, जहां मेरे फैंस मुझे डार्क किरदार निभाते हुए देखना पसंद करते हैं, वहीं मुझे लाइट रोल करने में मजा आता है। मुझे विश्वास है कि इस बार भी वे इस अजीबोगरीब जोड़ी के साथ हंसी-मजाक का आनंद लेंगे, जो एक-दूसरे के लिए अपना दिल नहीं खोने के लिए दृढ़ हैं, चाहे कुछ भी हो जाए। फिल्म को गालिब असद भोपाली ने लिखा है और कुशन नंदी ने डायरेक्ट किया है। इसमें नेहा शर्मा, जरीना वहाब, संजय मिश्रा और महाक्षय चक्रवर्ती भी सहायक भूमिकाओं में हैं। नेहा ने कहा, इस फिल्म की शूटिंग करना एक यादगार अनुभव था। जब फिल्म की शूटिंग पूरी हुई तो हम दुखी थे क्योंकि हम सबको शूटिंग करने और एक दूसरे के साथ बहुत मजा आ रहा था। अब, मैं आप सभी की प्रतिक्रिया का इंतजार नहीं कर सकता। इस फिल्म का आप पूरे परिवार के साथ आनंद ले सकते हैं। नईम ए. सिद्दीकी द्वारा निर्मित, किरण श्याम श्रॉफ रचनात्मक निर्माता के रूप में, फिल्म की शूटिंग लखनऊ, बाराबंकी, रहीमाबाद, वाराणसी और मुंबई जैसी जगहों पर की गई है। यह 12 मई को रिलीज होने वाली है।

# बॉबी ने समलैंगिक विवाह को

## कानूनी मान्यता देने वाली याचिका का किया समर्थन



बॉबी डार्लिंग ने अपने आवेदन में शीर्ष अदालत से इस मामले में हस्तक्षेप करने और समलैंगिक विवाह का समर्थन करने की अनुमति देने का आग्रह किया है। फिल्मों और टीवी की दुनिया में बॉबी डार्लिंग एक जाना पहचाना नाम हैं। उन्होंने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। साल 1999 में ताल फिल्म से बॉबी ने डेब्यू किया। वह टीवी पर कसौटी जिंदगी की से लेकर बिग बॉस तक में नजर आईं। अपना जेंडर बदलवाने वाली बॉबी डार्लिंग ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिका का समर्थन करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक हस्तक्षेप आवेदन दर्ज किया है।

**बॉली डार्लिंग ने क्या कहा**

बॉबी डार्लिंग ने अपने आवेदन में शीर्ष अदालत से इस मामले में हस्तक्षेप करने और समलैंगिक विवाह का समर्थन करने की अनुमति देने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि हर शख्स की ऐसी स्वतंत्र इच्छा होती है, जिसे विभिन्न निर्णयों द्वारा विधिवत मान्यता प्राप्त है।

**इस दिन होगी सुनवाई**

ट्रांसजेंडर अभिनेत्री ने समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता देने वाले आवेदन की सुनवाई 18 अप्रैल से सुप्रीम कोर्ट की पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ करेगी। बॉबी डार्लिंग ने अधिवक्ता मीरा कौर के माध्यम से दायर आवेदन में कहा, वित्तीय स्थिरता लाने, समाज द्वारा मान्यता देने और अन्य उद्देश्यों जैसे गुजारा भत्ता, भरण-पोषण आदि के लिए समय की आवश्यकता के अनुसार समलैंगिक विवाह की अनुमति दी जा सकती है, ताकि ऐसे जोड़े शादी का बाद गरिमा और कानून के संरक्षण में रह सकें।



# मधुरिमा तुली को पसंद हैं

## इस कलर के आउटफिट्स

गर्मियों की शुरुआत के साथ, सभी आरामदायक फैशन विकल्प बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि मधुरिमा तुली सर्वोत्कृष्ट पथ पर जाना पसंद नहीं कर रही हैं, हां, बल्कि वह ब्लैक परिधानों को अपनी अलमारी और अपने फैशन विकल्पों पर हावी होने दे रही हैं। माना यह जाता है कि धूप वाले दिन के लिए काला रंग सबसे अनुशंसित रंग नहीं है। लेकिन किसे परवाह है, यह 2023 है और फैशन इतना विकसित हो गया है कि रंग अब कोई बाधा नहीं है। ऐसा कहने के बाद, मधुरिमा की ब्लैक आउटफिट के प्रति उनके प्यार के साथ. प्रयोग करने के लिए काफी सराहना करते हैं। ब्लैक आउटफिट के प्रति अपने प्यार के बारे में बात करते हुए, मधुरिमा कहती हैं, मेरा हमेशा से ब्लैक आउटफिट की तरफ झुकाव रहा है। वास्तव में, मेरे वॉर्डरोब का 60 प्रतिशत हिस्सा काले रंग के आउटफिट्स से भरा हुआ है और ऐसा इसलिए है क्योंकि इसका शेड बिल्कुल वर्सेटाइल है और यह आपको काफी शानदार लुक देता है। यह कहे जाने के बाद, आपको ब्लैक में हमारी लेडी मधुरिमा तुली की ये तस्वीरें देखनी चाहिए। काम के मोर्चे पर, मधुरिमा के पास आनेवाले समय में कुछ दिलचस्प परियोजनाएं हैं। वह जल्द ही कुछ ओटीटी शो में दिखाई देंगी, जिसके विवरण जल्द ही सामने आएगा।



# फिर बंद होने जा रहा द कपिल शर्मा शो

## इस महीने टेलीकास्ट होगा आखिरी एपिसोड़!

कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के शो को दर्शकों का खूब प्यार मिलता है। इस शो में बॉलीवुड के कई सितारे शिरकत करते हैं और कपिल शर्मा के साथ मस्ती-मजाक करते नजर आते हैं। कपिल का यह शो कई बार ऑफ एयर हो चुका है, लेकिन इसके बाद हर बार शो ने धमाकेदार वापसी की है। अब खबर आ रही है कि द कपिल शर्मा शो एक बार फिर बंद होने जा रहा है। हालांकि कपिल शर्मा का शो सिर्फ अस्थाई रूप से बंद होगा। बताया जा रहा है कि शो का आखिरी एपिसोड जून में टेलीकास्ट होगा। इसके बाद कपिल शर्मा ब्रेक लेंगे और कुछ समय बाद फिर से कपिल शर्मा शो वापस लौटेगा। हालांकि शो के ऑफ एयर होने के संबंध में कपिल शर्मा या उनकी टीम ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार कपिल शर्मा अब रेस्ट लेना चाहते हैं। इसीलिए शो को अस्थाई रूप से बंद करने पर विचार चल रहा है। सीजनल ब्रेक हर बार शो की टीआरपी के लिहाज से सही साबित है। इस जरिए मेकर्स शो के कंटेंट और कास्ट में भी हेरफर कर पाते हैं।

# यश 19 के लिए कन्नड़ सुपरस्टार ने मिलाया इस धांसू डायरेक्टर संग हाथ

बीते शुक्रवा अर्थात् 14 अप्रैल को वैश्विक स्तर पर 1300 करोड़ का कारोबार करने वाली केजीएफ-2 ने अपना एक वर्ष पूरा किया। इस मौके पर फिल्म के निर्माताओं ने एक वीडियो जारी कर इस बात की जानकारी दी कि केजीएफ का 3रा भाग भी जल्द शुरू होगा। इस बार केजीएफ-3 की कहानी में रॉकी के 1978 से लेकर 1981 तक के सफर को दर्शाया जाएगा। अभी यश अपनी फिल्म के 3रे भाग को लेकर चर्चाओं में हैं, उसी के साथ उनको लेकर एक और चर्चा हो रही है कि उन्होंने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक गीतू मोहनदास की अगली फिल्म को करने का मन बना लिया है। यह यश की केजीएफ-3 से पहले शुरू होगी और प्रदर्शित भी पहले होगी। हालांकि अभी तक इस समाचार का दोनों की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। एक रिपोर्ट की मानें तो सुपरस्टार यश ने अपनी अगली फिल्म के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित फीमेल डायरेक्टर गीतू मोहनदास की अगली फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। मिली जानकारी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट को लेकर दोनों के बीच करीब 1 साल से बातचीत चल रही थी। केजीएफ फेम कन्नड़ सुपरस्टार यश इस फिल्म की कहानी से इतने इंप्रेस हो गए कि उन्होंने इसे करने का मन बना लिया है। सूत्र ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा, यश और गीतू मोहनदास इस फिल्म के लिए करीब 1 साल से बातचीत में हैं। गीतू मोहनदास की लाई फिल्म की कहानी और इसके कॉन्सेप्ट से यश इतने इंप्रेस हुए कि उन्होंने इसे करने के लिए तुरंत मन बना लिया। जब हर कोई सोच रहा था कि यश अगली फिल्म के लिए इंडियन सिनेमा के सबसे बड़े निर्माताओं संग हाथ मिलाएंगे। तब रॉकिंग स्टार ने हर किसी को सरप्राइज करते हुए मलयालम सिनेमा की जानी-मानी निर्देशक गीतू मोहनदास की इस फिल्म को चुना है। ज्ञातव्य है कि गीतू मोहनदास की फिल्म लायर्स डाइस को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। साथ ही ये फिल्म 82वें ऑस्कर्स के लिए भारत की ओर से आधिकारित प्रविष्टि थी। ज्ञातव्य है कि कन्नड़ सुपरस्टार यश की फिल्म केजीएफ 2 के बाद उन्हें इंडियन सिनेमा के कई बड़े फिल्म निर्माताओं ने अप्रोच किया था। हालांकि एक्टर ने किसी भी फिल्म को जल्दबाजी में साइन नहीं किया। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म स्टार ने करण जौहर के प्रोडक्शन की फिल्म ब्रह्मास्त्र 2 से लेकर नीतेश तिवारी की फिल्म रामायण को भी ठुकरा दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने निर्देशक नार्दन की भी अगली फिल्म का ऑफर स्वीकार नहीं किया है।

